दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 । अंक: 223 | जयपुर, सोमवार, 22 जुलाई, 2024 । श्रावण, कृष्ण पक्ष- प्रतिपदा , विसं 2081 | पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### जो बाइडेन नहीं लड़ेंगे राष्ट्रपति का चुनाव



**वाशिंगटन।** अमेरिकी प्रेसिडेंट जो बाइडेन ने बड़ा ऐलान करते हुए राष्ट्रपति चुनाव ना लड़ने का फैसला किया है, वे अपनी दावेदारी से पीछे हट गए हैं। कई दिनों से ऐसे कयास लगाए जा रहे थे। अब उन तमाम अटकलों पर विराम लग चुका है और बाइडेन ने चुनाव ना लड़ने का फैसला किया है। माना जा रहा है कि डेमोक्रेट्स की ही कमला हैरिस को अब राष्ट्रपति उम्मीदवार बनने का मौका मिल सकता है, इसका औपचारिक ऐलान अभी नहीं हुआ है।

### टी20 में महिला क्रिकेट टीम ने रचा इतिहास



**दांबुला।** महिला टी20 एशिया कप में टीम इंडिया ने रविवार को यूएई के खिलाफ इतिहास रच दिया। टीम इंडिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 201 रन का विशाल स्कोर बनाया। इसके साथ ही फॉर्मेट में सबसे बड़ा स्कोर बनाने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। टी20 क्रिकेट में महिला टीम ने पहली बार 200 रन के आंकड़े को पार किया। इससे पहले टीम इंडिया का टी20 फॉर्मेट में सबसे बड़ा स्कोर इंग्लैंड के खिलाफ था। टीम इंडिया ने इंग्लैंड के खिलाफ 2018 में मुंबई टी20 मैच में 198 रन बनाए थे। बहरहाल, टीम इंडिया ने यूएई को 78 रनों से हरा दिया।

### केरल: 14 साल के लड़के की निपाह वायरस से मौत




**केरल।** केरल के मल्लपुरम जिले में निपाह वायरस के एक मरीज की मौत हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि इस मौत की पुष्टि एनआईवी, पुणे द्वारा की गई थी। मामले की जांच आदि के वास्ते राज्य की सहायता के लिए एक संयुक्त प्रकोप प्रतिक्रिया केंद्रीय टीम तैनात की जाएगी। निपाह संक्रमण को साल 1998-99 में पहली बार पहचाना गया था।

## रामगढ़ बांध पर एक्शन मोड में सरकार: गहन जांच के बाद हटाए जाएंगे अतिक्रमण

# सर्वे के लिए समिति का गठन... सात दिन में सौपेंगी रिपोर्ट

### इसके बाद होगी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई

**बेधड़क** | जयपुर

रामगढ़ बांध में अतिक्रमण की तथ्यात्मक रिपोर्ट के लिए जल संसाधन विभाग ने चार सदस्यीय समिति का गठन किया। बता दें, शनिवार को ही जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत ने बांध के सर्वे के निर्देश दिए थे। इसके लिए उन्होंने चार विभागों की जॉइंट टीम बनाकर सर्वे कराने के लिए कहा था। इसके बाद विभाग ने अतिरिक्त मुख्य अभियंता अजय त्यागी की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया है। यह समिति बांध के भराव और बहाव क्षेत्र का सर्वे करके 7 दिन में अपनी



रिपोर्ट सौपेंगी। इसके बाद अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर को पत्र लिखकर उनसे टीम गठित करने का आग्रह किया गया। बताया जा रहा है कि अतिरिक्त मुख्य अभियंता अजय त्यागी की अध्यक्षता में गठित समिति में अधीक्षण अभियंता सुरेश कथानिया, अधिशासी अभियंता नीरज चौधरी, अनिल थालौर को शामिल किया गया है।

### बीते 5 सालों में जारी की गई एनओसी की होगी जांच



समिति बांध क्षेत्र में पांच साल में जारी एनओसी की जांच भी करेगी। समिति रामगढ़ बांध क्षेत्र में निर्माण से संबंधित जल संसाधन विभाग से राजस्व विभाग, जेडीए सहित सभी संस्थाओं को पांच साल में जारी किए गए सभी अनापत्ति प्रमाण पत्रों (एनओसी) की जांच करेगी। यदि गलत अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किया गया है या खामी पाई गई है तो इसमें लिप्त अफसरों और कर्मचारियों की सूची मंत्री स्तर पर प्रस्तुत की जाएगी ताकि ऐसे अधिकारियों पर कार्रवाई की जा सके।

### कलेक्टर स्तर गठित होगी संयुक्त टीम

जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत ने बांध के सर्वे के लिए चार विभागों की संयुक्त टीम गठित करने का निर्देश दिया था। इस टीम में जल संसाधन विभाग के अलावा जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए), जयपुर कलेक्टर के प्रतिनिधि, वन विभाग, राजस्व विभाग के प्रतिनिधि शामिल होंगे। विभाग ने इस संयुक्त टीम के गठन के लिए जयपुर जिला कलेक्टर को पत्र लिखकर उनसे आग्रह किया है।

### विभाग का दावा था- अतिक्रमण नहीं

बता दें कि रामगढ़ बांध में अतिक्रमण को लेकर जमवारामगढ़ के विधायक महेंद्र पाल मीणा ने सदन में सवाल लगाया था। जल संसाधन विभाग ने जवाब दिया था कि रामगढ़ बांध के बहाव क्षेत्र में वर्तमान में कोई अतिक्रमण चिह्नित नहीं है। चार तहसीलों की 323.30 हेक्टर बहाव क्षेत्र की जमीन पर 640 अतिक्रमणों को हटा दिया है।

## शिक्षक भर्ती में फर्जीवाड़े पर राज्य सरकार सख्त...

# प्रदेश के एक लाख शिक्षकों के दस्तावेजों की होगी जांच

- ASI पेपर लीक मामले में ED की एंट्री
- विभिन्न विश्वविद्यालयों के रिकॉर्ड को भी खंगाला जाएगा
- प्रदेश में कांग्रेस की सरकार में भर्ती होने वाले शिक्षकों की होगी जांच
- तृतीय श्रेणी से उच्च माध्यमिक स्तर तक के शिक्षक जांच के दायरे में

**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर। प्रदेश में कांग्रेस सरकार के पांच साल के कार्यकाल के दौरान भर्ती होने वाले शिक्षकों की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। दरअसल, सरकार ने एक लाख शिक्षकों के दस्तावेज की जांच करवाने का फैसला किया है। इतना ही नहीं, सहायक पुलिस उप निरीक्षक भर्ती पेपर लीक मामले में अब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भी जांच शुरू कर दी है। इससे पहले ईडी शिक्षक भर्ती पेपर लीक मामले की भी जांच कर रहा है। राज्य में प्राइवेट यूनिवर्सिटीज से फर्जी डिग्रियां जारी होने का मामला सामने आने के बाद राज्य सरकार ने पिछले पांच साल में नियुक्ति पाने वाले करीब एक लाख शिक्षकों के दस्तावेजों की फिर से जांच कराने का निर्णय किया है। सरकार ने तय किया है कि शिक्षकों की डिग्रियों की सत्यता जांचने के लिए सरकारी अधिकारियों की टीम विश्वविद्यालयों में जाकर भी वहां के रिकॉर्ड को भी खंगालेगी। बता दें कि भाजपा के सत्ता में आने के बाद पिछले आठ महीने में की गई जांच में यह सामने आया है कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल के दौरान भर्ती परीक्षाओं में बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां हुई थी। कई परीक्षाओं के पेपर लीक हुए थे तो कहीं फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नियुक्तियां हो गई। सबसे अधिक फर्जीवाड़ा तृतीय श्रेणी के शिक्षकों की भर्ती में हुआ। पिछले दिनों राजस्थान एसओजी ने फर्जी डिग्रियां देने वाले दो निजी विश्वविद्यालयों के संचालकों को गिरफ्तार किया था। दोनों ने बड़े पैमाने पर पैसे लेकर फर्जी डिग्रियां देने की बात स्वीकार भी की है।



### भर्तियों में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी!

शिक्षक भर्ती के पेपर लीक मामले के बाद अब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सहायक पुलिस उप निरीक्षक (ASI) पेपर लीक मामले की भी जांच शुरू कर दी है। दोनों परीक्षाएं वर्ष 2021 में हुई थीं और इनके पेपर लीक हुए थे। राजस्थान एसओजी प्रदेश में सभी परीक्षाओं के पेपर लीक मामलों की जांच कर रही है। अब तक की जांच में सामने आया है कि आरोपियों ने पेपर लीक कर करोड़ों की संपत्ति बनाई।

### हस्ताक्षरों की भी जांच होगी

माध्यमिक शिक्षा निदेशक आशीष मोदी ने कहा कि वर्ष 2019 से अब तक नियुक्त हुए शिक्षकों के फार्म प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा निदेशालय के स्तर पर निकलवाए जा रहे हैं। चयनित शिक्षकों द्वारा परीक्षा केंद्रों पर किए गए हस्ताक्षरों की भी जांच होगी। यह जांच तृतीय श्रेणी से उच्च माध्यमिक स्तर तक के शिक्षकों की होगी।

### दोनों निदेशालय कर रहे हैं जांच

प्रारम्भिक और माध्यमिक दोनों ही शिक्षा निदेशालय फर्जी तरीके से लगे टीचर्स का पता लगा रहे हैं। ग्रेड थर्ड टीचर्स की भर्ती प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय के माध्यम से हुई थी। वहीं ग्रेड सेकेंड व इससे ऊपर के टीचर्स की भर्ती माध्यमिक शिक्षा निदेशालय ने की। ऐसे में दोनों निदेशालय इस पर काम कर रहे हैं।

### 15 से 25 लाख रुपए तक लिए आरोपियों ने

ईडी अब आरोपियों की संपत्ति की जांच कर रही है। एसओजी की जांच में सामने आया है कि सहायक पुलिस उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा में पेपर लीक करने और डमी कैंडिडेट बिठाने के लिए आरोपियों ने 15 से 25 लाख रुपए तक लिए। एसओजी के अतिरिक्त महानिदेशक वीके सिंह का कहना है कि गैंग के सदस्यों ने पेपर लीक से करोड़ों रुपए कमाए। एक आरोपह ने तो दो करोड़ रुपए खर्च कर अपनी मां को सरपंच बनाया था।

## गुरु पूर्णिमा: मुख्यमंत्री शर्मा ने बड़ा हनुमान मंदिर एवं श्रीनाथ जी मंदिर में किए दर्शन

# गुरु पूजन कर प्रदेश के लिए की खुशहाली की कामना

- ‘एक पेड़ मां के नाम’ के तहत किया वृक्षारोपण

**बेधड़क** | डीग/भरतपुर/ जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को डीग के पूंछरी का लौठा में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर श्रीनाथ जी मंदिर में पंचामृत से अभिषेक किया एवं पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली के लिए कामना की। उन्होंने मंदिर परिसर में संत-महात्माओं का गुरु पूजन कर आशीर्वाद भी लिया।



इसके साथ ही शर्मा ने पूंछरी का लौठा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए जा रहे ‘एक पेड़ मां के नाम’ अभियान के तहत वृक्षारोपण किया एवं वहां मौजूद आमजन से अधिक से अधिक पेड़ लगाने की अपील भी की। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने भरतपुर के सेवर में लुधावई स्थित बड़ा हनुमान मंदिर में दर्शन किए एवं सपरिवार महंत रामदास महाराज का सत्कार कर आशीर्वाद लिया।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार गुरु पूर्णिमा के अवसर पर प्रदेशभर में 200 से अधिक संत-महात्माओं का भी गुरु वंदन किया गया। इस अवसर पर गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम, विधायक डॉ. शैलेश सिंह, बहादुर सिंह कोली, नौक्षम चौधरी सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।



## लालसोट-कोटा मेगा हाईवे पर हुआ हादसा...

# किरोड़ी के काफिले की 3 गाड़ियां टकराई

**बेधड़क** | जयपुर

सवाई माधोपुर जिले के मलारना डूंगर थाना क्षेत्र के लालसोट-कोटा मेगा हाईवे पर भाड़ौती पुलिस चौकी के सामने बीजेपी के वरिष्ठ नेता डॉ. किरोड़ी लाल मीणा के काफिले की तीन गाड़ियों का आपस में ही टकरा कर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गईं। काफिले की एक अन्य गाड़ी में किरोड़ी लाल मीणा भी थे। हालांकि उन्हें इस हादसे में किसी तरह की



क्षति नहीं हुई है। किरोड़ी लाल का काफिला सवाई माधोपुर से लालसोट जा रहा था। तभी काफिले की कारें एक डंपर को बचाने के चक्कर में टकरा गई।

### गुरु पूर्णिमा पर गए थे सवाई माधोपुर

बता दें, किरोड़ी लाल मीणा रविवार को गुरु पूर्णिमा महोत्सव कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए सवाई माधोपुर गए थे। वहीं कार्यक्रम में शामिल होने के बाद डॉक्टर किरोडी लाल मीणा लालसोट की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान मंत्री मीणा के एक दर्जन से अधिक गाड़ियों के काफिले में तीन गाड़ियां टकरा गईं।

## बजट से उम्मीदें

# संसद का बजट सत्र आज से... आयकर में मिल सकती है राहत

- वित्त मंत्री सीतारमण कल पेश करेंगी आम बजट
- इनकम टैक्स की धारा 80C में कटौती सीमा बढ़ाने की उठ रही मांग
- आयकर में छूट की लिमिट 5 लाख रुपए तक बढ़ने की उम्मीद में करदाता

**एजेंसी**। नई दिल्ली

संसद का बजट सत्र सोमवार से शुरू होगा और मंगलवार को बजट पेश किया जाएगा। जिस समय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बजट पेश कर रही होंगी, टैक्सपेयर्स की नजरें उनकी तरफ रहेंगी। इस बार टैक्सपेयर्स को बजट से काफी उम्मीदें हैं। माना जा रहा है कि टैक्सपेयर्स को कई तरह की राहत दी जा सकती हैं। टैक्स छूट से लेकर इनकम टैक्स स्लैब में बदलाव किया जा सकता है। वहीं नई टैक्स व्यवस्था में भी कुछ अतिरिक्त छूट दी जा सकती हैं। काफी लोगों की मांग है कि इनकम टैक्स की धारा 80C में दी जाने वाली कटौती सीमा बढ़ाई जाए। साथ ही टैक्स स्लैब में भी बदलाव होने चाहिए।



### कटौती सीमा 2 लाख तक संभव

इनकम टैक्स की धारा 80C के तहत कटौती को बढ़ाने की मांग काफी टैक्सपेयर कर रहे हैं। अभी इस धारा के अंतर्गत अधिकतम 1.50 लाख रुपए की कटौती का लाभ उठाया जा सकता है। माना जा रहा है कि इसे बढ़ाकर 2 लाख किया जा सकता है। अगर ऐसा होता है तो इससे टैक्सपेयर्स को काफी राहत मिलेगी।

### बढ़ सकती है स्टैंडर्ड डिडक्शन लिमिट

उम्मीद जताई जा रही है कि इस बार बजट में स्टैंडर्ड डिडक्शन की लिमिट को बढ़ाया जा सकता है। अभी नई और पुरानी, दोनों तरह की व्यवस्थाओं पर 50 हजार रुपए का स्टैंडर्ड डिडक्शन मिलता है। इसे बढ़ाकर एक लाख रुपए किया जा सकता है। इस डिडक्शन का सबसे बड़ा फायदा है कि इसके लिए किसी भी प्रकार के खर्चे के सबूत की जरूरत नहीं पड़ती।

### बेसिक छूट लिमिट में बढ़ोतरी संभव

नई और पुरानी दोनों तरह की व्यवस्थाओं में बेसिक छूट की लिमिट को बढ़ाया जा सकता है। अभी बेसिक छूट की लिमिट नई व्यवस्था के तहत 3 लाख रुपए और पुरानी व्यवस्था के तहत 2.50 लाख रुपए है। उम्मीद जताई जा रही है कि दोनों में इसे बढ़ाकर 5 लाख रुपए किया जा सकता है। अगर ऐसा होता है तो 5 लाख रुपए तक की सालाना इनकम वाले को कुछ भी टैक्स नहीं देना होगा।

### नई टैक्स व्यवस्था के स्लैब में बदलाव संभव

काफी टैक्सपेयर्स को लगता है कि नई टैक्स व्यवस्था में ज्यादा स्लैब हैं। इन्हें कम किया जाना चाहिए। वहीं कई का मानना है कि इसमें 20 और 30 फीसदी वाले स्लैब के बीच में 25 फीसदी का अतिरिक्त टैक्स स्लैब 15 से 20 लाख रुपए के बीच होना चाहिए।

**HRA या होम लोन डिडक्शन की सुविधा:** सबसे ज्यादा बदलाव नई टैक्स व्यवस्था में दिखाई दे सकता है। इसी में एक है कि नई व्यवस्था में मकान किराया भत्ता या होम लोन के ब्याज पर डिडक्शन की सुविधा दी जाए।

## जरूरी खबर

### सीएम भजनलाल शर्मा आज जाएंगे केकड़ी



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 22 जुलाई को अजमेर जिले के केकड़ी जाएंगे। सूत्रों ने बताया कि मुख्यमंत्री शर्मा सोमवार दोपहर एक बजे राजकीय पीजी कॉलेज ग्राउंड केकड़ी पहुंचेंगे और 1.15 पर कृषि मंडी प्रांगण में जाएंगे। वे दोपहर सवा बजे से तीन बजे तक कृषि उपज मंडी प्रांगण में बजट घोषणा वर्ष 2024-25 में केकड़ी जिले को आवंटित बजट के संबंध में धन्यवाद सम्मेलन में भाग लेंगे एवं रक्तदान शिविर का अवलोकन करेंगे।

### निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 300 रोगियों की जांच



**जयपुर।** निवाई तहसील के ग्राम पंचायत डांगरथल में महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें डॉक्टरों की टीम ने मरीजों की जांच की। सूरज करण शर्मा ने बताया कि शिविर में कार्डियोलॉजी, न्यूरोलॉजी और इंटरवेंशनल, जनरल मेडिसिन यूरोलॉजी, दंत रोग आदि की जांचें निशुल्क की गई। शिविर में लगभग 300 लोगों ने निशुल्क जांच करवाई। शिविर का शुभारंभ परशुराम सेना प्रदेश अध्यक्ष राजेश तिवाड़ी ने किया गया।

### मृतक के परिजनों को दी आर्थिक सहायता राशि



**चाकसू।** कोटखावदा के रमजानीपुरा गांव में मृतक रामखिलाड़ी मीना की शोकसभा में भाजपा नेता डॉ. किरोड़ीलाल मीणा व विधायक रामावतार बैरवा पहुंचे। मीणा ने मृतक को श्रद्धांजलि अर्पित कर 2 मिनट का मौन रखा। साथ ही मृतक के आश्रितों को स्वयं के स्तर से 11 लाख की सहयोग राशि सौंपी। मीणा ने कार्रवाई को लेकर थाना प्रभारी अब्दुल वहीद का आभार जताया, वहीं पूर्व मंत्री कन्हैयालाल मीणा ने भी 1 लाख रुपए, विधायक रामावतार बैरवा ने एक लाख, कोटखावदा प्रधान प्रहलाद मीना ने 51 हजार व कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष भरतलाल मीणा ने 51 हजार की आर्थिक राशि दी।

---

**दिल्ली में विश्व धरोहर समिति के 46वें सत्र को डिप्टी सीएम ने किया संबोधित, कहा...**

# विरासत प्रबंधन को टेक्नोलॉजी दे रही है नए आयाम: दिया कुमारी

बेधड़क । नई दिल्ली/जयपुर

देश की राजधानी दिल्ली में पहली बार विश्व धरोहर समिति का आयोजन किया जा रहा है। नई दिल्ली के भारत मंडपम में 21 से 31 जुलाई 2024 तक चलने वाले विश्व धरोहर समिति के 46वें सत्र में राजस्थान की उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने शिरकत की।

उन्होंने यहां अपना संबोधन देते हुए कहा कि आधुनिक टेक्नोलॉजी का उपयोग करके विरासत स्थलों के प्रबंधन, संरक्षण और संवर्धन में आगे बढ़ने का रास्ता है। यह इन्हें नए आयाम दे रहा है। दिया कुमारी ने कहा कि 'संरक्षण तकनीक में मदद करने वाले वर्चुअल टूर, ऑगमेंटेड रियलिटी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल



दुनिया भर में बढ़ रहा है और हम विरासत संरक्षण और इन स्थलों पर पर्यटकों की संख्या बढ़ाने में प्रौद्योगिकी के उपयोग को बढ़ावा देने की भी कोशिश कर रहे हैं।

इससे पहले सत्र का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। उद्घाटन समारोह में यूनेस्को के महानिदेशक ऑड्रे अजोले और यूनेस्को विश्व धरोहर सचिवालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ विभिन्न देशों के संस्कृति मंत्रियों, राजदूतों और डोमेन विशेषज्ञों जैसे अन्य उच्च-स्तरीय अतिथि थे। विश्व धरोहर समिति में यूनेस्को की महासभा द्वारा चुने गए विश्व धरोहर सम्मेलन (1972) के 21 राज्यों के प्रतिनिधि शामिल हैं।

### जयपुर की धरोहर के लिए 100 करोड़ का बजट

दिया कुमारी ने कहा कि राजस्थान में हमने यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल जयपुर के चारदीवारी वाले शहर के लिए 100 करोड़ रुपए का बजट अलग रखा है। साथ ही हमारे सदियों पुराने मंदिरों सहित कई अन्य विरासत स्थलों के नवीकरण और संरक्षण के लिए भी कार्य किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि विश्व विरासत सूची में भारत की 42 संपत्तियों को शामिल किया है, जिनमें 34 सांस्कृतिक, 7 प्राकृतिक, 1 मिश्रित विरासत स्थल शामिल हैं। जयपुर उनमें से एक है। इसके अलावा, विश्व धरोहर की अस्थायी सूची में भारत के 57 स्थल हैं।

---

**प्रदेशभर में धूमधाम से मनाया गया गुरु पूर्णिमा पर्व**

# संत और महात्माओं का गुरु पूर्णिमा पर किया अभिवंदन

बेधड़क । जयपुर

प्रदेशभर में गुरु पूर्णिमा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। नेता, अधिकारी व ग्रामीण विभिन्न मंदिरों में जाकर अपने गुरुदेव की पूजा अर्चना की। गुरु पूर्णिमा पर देवस्थान विभाग की ओर से प्रदेश के 215 गुरुओं और संतों का गुरुवंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गिर्राज जी परिक्रमा मार्ग में स्थित डीग के पूंछरी का लौठा में गुरुओं का सम्मान किया, वहीं डिप्टी सीएम प्रेम चंद बैरवा ने नरेना के दादू मंदिर में जाकर दादू पीठाधीश्वर ओमप्रकाश महाराज का आशीर्वाद लिया। डिप्टी सीएम ने महाआरती कर पूजा अर्चना कर प्रदेश में अमन चैन व खुशहाली की कामना की। डिप्टी सीएम ने दादू पीठाधीश्वर ओमप्रकाश महाराज का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया। इस दौरान पूर्व विधायक निर्मल कुमावत समेत कई नेता मौजूद रहे।

पशुपालन एवं देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने जयपुर के मोती डूंगरी गणेश जी के मंदिर और गोविंद देव जी मंदिर में महंत का गुरुवंदन किया। देवस्थान विभाग की ओर से प्रत्येक गुरु को गुरुवंदना में 3100 रुपए, शॉल, श्रीफल और लड्डू की टोकरी देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जोराराम कुमावत ने कहा कि गुरु का हमारे जीवन में बहुत ऊंचा स्थान है। उन्होंने कहा कि गुरु निस्वार्थ भाव से किसी भी समाज और देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे अपने ज्ञान से शिष्यों को अंधकार से प्रकाश में ले जाने का काम करते हैं। उनके चरित्र निर्माण में गुरुओं की भूमिका सर्वोपरि है। वे अपने शिष्यों के मन में देशप्रेम की भावना जगाते हैं। ऐसे सभी गुरुजनों का हमें बार-बार नमन करना चाहिए।

संसदीय कार्य, विधि एवं न्याय मंत्री जोगाराम पटेल ने गुरु पूर्णिमा पर जोधपुर दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने लूणी उपखंड स्थित शिकारपुरा के राजाराम आश्रम में आयोजित गुरुवंदन कार्यक्रम में शिरकत कर दयाराम जी महाराज को पुष्प माला, शॉल ओढ़ाकर, श्रीफल भेंटकर आशीर्वाद लिया। इसके बाद पटेल ने फतेहगिरी भाखरी मोगड़ा में आयोजित गुरुवंदन कार्यक्रम में शिरकत कर रघुवीर गिरी जी महाराज से आशीर्वाद लिया। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने सींथल पीठाधीश्वर क्षमाराम जी महाराज का सम्मान किया तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि गुरु-शिष्य परम्परा का निर्वहन करते हुए राज्य सरकार द्वारा यह पहल की गई है। इससे युवा पीढ़ी को प्रेरणा मिलेगी। बीकानेर (पूर्व) विधानसभा क्षेत्र विधायक सुश्री सिद्धि कुमारी ने शिवबाड़ी महंत स्वामी विमर्शानंद जी का सम्मान किया। उन्होंने कहा कि संत हमें सही दिशा में आगे बढ़ने की राह दिखाते हैं।



### गुरु पूर्णिमा उत्सव में शामिल हुए किरोड़ी

कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा रविवार को सवाई माधोपुर पहुंचे। जिला मुख्यालय के पुराने शहर स्थित गीता भवन में चल रहे गुरु पूर्णिमा के धार्मिक कार्यक्रम में उन्होंने शिरकत की। गुरु पूर्णिमा के कार्यक्रम में पहुंचे डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने स्वामी कृष्णानंद महाराज की चरण पादुकाओं के दर्शन किए और आशीर्वाद प्राप्त किया। डॉ. मीणा गीता भवन में विगत तीन दिन से चल रहे भंडारे में पहुंचे, जहां वे करीब 20 से 25 मिनट तक रुके और श्रद्धालुओं को अपने हाथों से प्रसादी वितरण की।

### गुरु के श्रेष्ठ मूल्यों को जीवन में उतारें

ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने गुरु पूर्णिमा पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। वे विनोबा भावे नगर स्थित कबीरपंथी मठ ट्रस्ट के आश्रम पर पहुंचे। वही नांता स्थित सिद्धाश्रम मंदिर महादेव बाबा अमरधाम आश्रम पर पहुंचकर मौनी बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि गुरु के श्रेष्ठ मूल्यों को अपने जीवन में धारण करें। उन मूल्यों पर चलकर जीवन को धन्य बनाएं। हमारे देश पर मुगलों और अंग्रेजों सहित अनेक आक्रमणकारी आए। उन्होंने इस देश की संस्कृति को नष्ट करने का प्रयास किया, लेकिन हमारे आध्यात्मिक संस्कारों कारण भारत की संस्कृति अभी भी जीवित है। सनातन धर्म में गुरु और शिष्य की परंपरा हजारों वर्षों से चली आ रही है। श्रेष्ठ गुरु के मार्गदर्शन से जीवन को धन्य किया जा सकता है।



### बाबा बालकनाथ से लिया आशीर्वाद

**चाकसू।** चाकसू में गुरु पूर्णिमा पर हरभावता आश्रम पर क्षेत्रीय विधायक रामावतार बैरवा, निवाई विधायक रामसहाय वर्मा ने बाबा बालकनाथ से आशीर्वाद लिया। इसके साथ ही तामड़िया आश्रम सहित कई स्थानों पर पहुंचकर गुरु वंदना की। चाकसू कस्बे में स्थित प्राचीन सिद्धपीठ गणेशपुरी धाम पर भक्तों की सवेरे से ही भीड़ रही।

### नई पीढ़ी में गुरुओं के प्रति आस्था और समर्पण का भाव जरूरी: UDH मंत्री



यूडीएच मंत्री और सीकर की श्रीमाधोपुर विधानसभा से विधायक झाबर सिंह खर्रा सीकर के रैवासा धाम पहुंचे। यहां उन्होंने राघवाचार्य महाराज का आशीर्वाद लिया। इसके साथ ही उन्होंने जिले के अन्य कई संत महात्माओं का आशीर्वाद लिया। खर्रा ने कहा कि देवस्थान विभाग के माध्यम से प्रदेश के संत और महात्माओं के सम्मान में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुरु वंदन कार्यक्रम रखा गया। इसी के तहत त्रिवेणी धाम, रैवासा, लक्ष्मणगढ़ में नाथ आश्रम, फतेहपुर के बुधगिरी मढ़ी और पिपराली में सीकर के पूर्व सांसद सुमेधानंद सरस्वती के वैदिक आश्रम में गुरु वंदन किया है। उन्होंने कहा कि भारतीय सभ्यता और संस्कृति में गुरु और परमात्मा दोनों को बराबर का स्थान है। जब तक हमारी भावी पीढ़ी में गुरुओं के प्रति आस्था और समर्पण का भाव नहीं होगा तो भावी पीढ़ी सुदृढ़ नहीं हो पाएगी।

### देवनानी ने गुरुजन का लिया आशीर्वाद



विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने गुरु पूर्णिमा पर्व पर निंबार्क तीर्थ में अखिल भारतीय जगदगुरु श्री निंबाकाचार्य पीठ श्री श्याम शरण देवाचार्य, अजमेर की राजगढ़ भैरव धाम में उपासक चंपालाल और जयपुर में अमरापुर आश्रम के गुरुदेव स्वामी सतगुरु भगत प्रकाश का अभिनंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर देवनानी ने कहा है कि हमारे जीवन में गुरु का विशेष महत्व होता है। भारतीय संस्कृति में गुरु को भगवान से भी बढ़कर माना जाता है। गुरु हमें अज्ञान रूपी अंधकार से ज्ञान रूपी प्रकाश की ओर ले जाते हैं। गुरु और शिक्षकों का सम्मान करना हमारा कर्तव्य है। एक विद्यार्थी के जीवन में गुरु महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। गुरु के ज्ञान और संस्कार के आधार पर ही उसका शिष्य ज्ञानी बनता है। एक व्यक्ति गुरु का ऋण कभी नहीं चुका पाता है। संस्कार और शिक्षा जीवन के मूल स्वभाव है। देवनानी ने कहा कि गुरु के ज्ञान का कोई तोल नहीं होता है। हमारा जीवन गुरु के अभाव में शून्य होता है। गुरु अपने शिष्यों से कोई स्वार्थ नहीं रखते हैं, उनका उद्देश्य सभी का कल्याण करना ही होता है।

---

**स्पोर्ट्स कॉलेज स्थापना के लिए काजीपुरा व हाथीखेड़ा में भूमि का भी किया अवलोकन**

# अजमेर बनेगा खेलों का नया हब: देवनानी



बेधड़क । जयपुर

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि अजमेर राजस्थान में खेलों का नया हब बनेगा। पुराने समय की तरह हम अजमेर को पुनः खेल नगरी के रूप में विकसित करेंगे। राज्य सरकार इसके लिए विशेष प्रयास कर रही है। प्रत्येक खेल के लिए विश्व स्तरीय सुविधाएं विकसित की जाएगी।

अजमेर शहर के विभिन्न खेलों के सैकड़ों खिलाडियों और खेल प्रशिक्षकों ने रविवार को अजमेर में स्पोर्ट्स कॉलेज की स्थापना और एथलेटिक्स अकादमी की घोषणा पर विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी का अभूतपूर्व स्वागत एवं अभिनंदन किया। विधानसभा अध्यक्ष ने प्रशासनिक अफसरों के साथ स्पोर्ट्स कॉलेज स्थापना के लिए काजीपुरा एवं हाथीखेड़ा गांवों में प्रस्तावित भूमि का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि राज्य सरकार खेलों के विकास के लिए निरंतर काम कर रही है। राजस्थान को खेलों के क्षेत्र में शीर्ष पर लाने के लिए नए विजन के साथ काम किया जा रहा है। राजस्थान में प्रत्येक खेल के लिए विश्वस्तरीय सुविधाएं विकसित की जा रही हैं।

### बजट में अजमेर के लिए नए स्पोर्ट्स कॉलेज की घोषणा

राजस्थान सरकार की इसी नीति के तहत अजमेर में भी खेलों को नए सिरे से परिभाषित कर सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। राज्य बजट में अजमेर के लिए नए स्पोर्ट्स कॉलेज की घोषणा की गई है। यह स्पोर्ट्स कॉलेज नए खिलाड़ी तैयार करेगा। स्पोर्ट्स कॉलेज खेल से संबंधित नए राजेगार भी उपलब्ध कराएगा। इसी तरह एथलेटिक्स अकादमी राज्य में अजमेर को नया मुकाम देगी। अजमेर खिलाड़ियों की खान रहा है। हम अजमेर को उसका यह प्राचीन वैभव पुनः लौटाएंगे। एथलेटिक्स अकादमी इस खेल के खिलाड़ियों के लिए वरदान साबित होगी। उन्होंने कहा कि पूर्व के कार्यकाल में अजमेर में कबड्डी, इंडोर गेम्स और अन्य खेलों के लिए सुविधाएं विकसित की गई थी। अजमेर के खिलाड़ी भी पूरा मन लगा कर खेलें और अजमेर का नाम रोशन करें। उन्हें सुविधाओं में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। इस अवसर पर जिला खेल अधिकारी रामनिवास चौधरी, खेल प्रशिक्षक राकेश यादव, क्रिकेट संघ के राजेश भडाणा सहित विभिन्न खेलों के खिलाड़ी उपस्थित रहे।

## 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधे लगाने की अपील

**जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधरोपण कर इस अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आह्वान किया। उन्होंने इस दौरान पौधे भी वितरित किए। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत विशिष्ट पार्क में पौधरोपण करते हुए कहा कि पेड़ पौधे धरती का श्रृंगार हैं, सभी इस अभियान से जुड़ अधिकाधिक पेड़ लगाएं और उनका संरक्षण भी करे। उन्होंने कहा कि पेड़ लगाना मां के प्रति श्रद्धा भाव व्यक्त करना ही नहीं है बल्कि यह धरती मां के प्रति भी हमारी कृतज्ञता ज्ञापन है।

---

**बांसवाड़ा में कार्यसमिति बैठक में बोले प्रदेश अध्यक्ष**

# धर्म और पंथ के नाम पर देश को बांटना चाहते हैं कुछ लोग: सीपी जोशी

बेधड़क । जयपुर

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि गोविंद गुरु ने हमारे धर्म-संस्कृति की रक्षा और देश की आजादी को लेकर संघर्ष किया था, लेकिन आज भी देश में ऐसी कई ताकतें है जो जाति, धर्म और पंथ के आधार पर देश को बांटना चाहते हैं। इसके पीछे कोई ना कोई बड़ी साजिश है।

ये वही लोग है जिन्होंने 1947 में धर्म के आधार पर देश को बांटने का काम किया था, इसी सोच के कारण आधा कश्मीर हिंदुस्तान से चला गया, ये वही लोग है जो कश्मीर से धारा 370 हटाने का विरोध करते हैं, नागरिकता संशोधन कानून का विरोध करते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के ध्येय को लेकर देश के 140 करोड़ लोगों के उत्थान और विकास की बात की जाती है, जो सनातन को गाली देते है, हिन्दू आतंकवादी कहते हैं, हिंदू को हिंसक कहते है, देश को जाति और धर्म के आधार पर बांटने का प्रयास करते है उन्हें सबक सिखाएंगे, अपने प्रयास में सफल नहीं होने देंगे। जोशी रविवार को बांसवाड़ा में भाजपा जिला कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने वृहद जिला कार्यसमिति बैठक में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ संवाद कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।




इससे पूर्व उन्होंने गुरु पूर्णिमा के अवसर पर त्रिपुरा सुंदरी, श्री सिद्धि विनायक आमलिया गणेश मंदिर तलवाड़ा और बेणेश्वर धाम में दर्शन कर साधु संतों का आशीर्वाद लिया और प्रदेशवासियों की खुशहाली एवं समृद्धि के लिए प्रार्थना की। उन्होंने त्रिपुरा सुंदरी में पौधरोपण भी किया। बैठक में कैबिनेट मंत्री बाबू लाल खराड़ी, प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी, उपाध्यक्ष नाहर सिंह जोधा, मंत्री अनिता कटारा, जिलाध्यक्ष लाभचंद पटेल, पूर्व सांसद महेंद्रजीत सिंह मालवीय, धन सिंह रावत, कनकमल कटारा, मानशंकर निनामा, विधायक कैलाश चंद्र मीणा, पूर्व मंत्री भवानी जोशी, पूर्व विधायक भीमा भाई डामोर, भरतपुर संभाग प्रभारी हेमराज मीणा सहित जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### दस साल में देश में हुए ऐतिहासिक काम

सीपी जोशी ने कहा कि कार्यकर्ता संगठन की और संगठन सत्ता की जननी है। जब कार्यकर्ता उठता है तो संगठन को सत्ता तक पहुंचने से दुनिया की कोई ताकत नहीं रोक सकती। कार्यकर्ताओं की ताकत से ही आज देश और प्रदेश में भाजपा का शासन है। विपक्ष कितना ही भ्रम फैलाए, काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती। नगर निकाय, पंचायती राज और विधानसभा उप चुनाव में भी भाजपा का कमल खिलाने का संकल्प हम सभी को लेना है। कांग्रेस ने इसने सालों तक सिर्फ वादे और नारे दिए। देश की नहीं कांग्रेस के नेताओं की गरीबी मिटी। 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत की नींव रखने वाला बजट था। दस साल में देश का चहुंमुखी विकास और ऐतिहासिक काम हुए। 10 सालों में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए, देश मजबूत बना, रूस और यूक्रेन युद्ध के समय जब भारतीय बच्चों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए युद्ध विराम हुआ तब तिरंगे की ताकत को दुनिया ने देखा। इस प्रकार के निर्णय और परिणाम तब आते हैं, जब कोई देश को अपना परिवार मानकर चलता है।

## जरूरी खबर

### जलमहल की पाल पर फेंकी 5 हजार सीड बॉल्स



**जयपुर।** नगर निगम हेरिटेज एवं रेड एफएम के संयुक्त जंगलराज अभियान के तहत रविवार को विभिन्न सामाजिक संस्थाओं ने जलमहल की पाल पर पांच हजार सीड बॉल्स फेंकी । आरजे अर्पित ने बताया कि जंगलराज अभियान निगम हेरिटेज और 93.5 रेड एफएम का संयुक्त अभियान है, इसके तहत आमजन को अधिक से अधिक जागरूक करने के लिए पौधरोपण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। रविवार को ब्लू मंकी संस्था, आई ग्रीन संस्था और पौधा फाउंडेशन के साथ मिलकर जलमहल की पाल आस पास 5000 सीड बॉल्स फेंकी। इस दौरान छायादार और फलदार 100 पौधे भी लगाए गए। इस कार्यक्रम में स्थानीय लोगों ने भी भाग लिया।

### संत शुकदेवदास का पादुका पूजन शिष्यों ने ली दीक्षा



**जयपुर।** नायला के रामजीपुरा स्थित निम्बार्क संत आश्रम में अनंत श्री विभूषित बाबा शुकदेवदास महाराज की चरणपादुकाओं का पूजन किया गया और नए शिष्यों ने दीक्षा ली। आश्रम प्रवक्ता डॉ. कमलेश शर्मा ने बताया कि आश्रम में सुबह महंत सर्वेश्वरशरण महाराज के सान्निध्य में संतश्री की समाधि पर संत महात्माओं ने वेदमंत्रोचार के साथ पंचामृत अभिषेक कर पुष्पांजलि अर्पित की। देश के विभिन्न भागों से हजारों शिष्यों ने संतश्री को नमन किया। भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें 5000 श्रद्धालुओं ने प्रसादी पाई।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।

## गुरु पूर्णिमा: शहर में गलताजी सहित विभिन्न मंदिरों-आश्रमों में विशेष आयोजन

# शिष्यों ने पूजी पादुका, गुरुओं ने दी कंठी

**बेधड़क.जयपुर।** उत्तर भारत की प्रमुख श्री वैष्णव पीठ उत्तर तोदाद्रि मठ गलता जी सहित शहर भर में मंदिरों और आश्रमों में गुरु पूर्णिया पर विशेष आयोजन किए गए। इस मौके पर जहां गुरुओं ने पुराने शिष्यों को आशीर्वाद दिया वहीं नयों को कंठी धारण करवाई। इस दौरान गुरुओं से आशीर्वाद लेकर शिष्यों ने दुर्व्यसन त्यागने का संकल्प लिया और माता-पिता और गुरुओं की सेवा का वचन दिया।



## श्री गलता पीठ में 3 दिवसीय महोत्सव प्रारम्भ

उत्तर भारत की प्रमुख श्री वैष्णव पीठ उत्तर तोदाद्रि मठ श्री गलता जी में गलतापीठाधीश्वर स्वामी अवधेशाचार्य के सान्निध्य में तीन दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव रविवार से प्रारम्भ हुआ। इस मौके पर सैकड़ों शिष्यों ने गलतापीठाधीश्वर स्वामी अवधेशाचार्य का चरण पूजन किया। गलता पीठ के युवराज स्वामी राघवेन्द्र ने बताया कि 3 दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव के प्रथम दिन रविवार को प्रातः स्वामी अवधेशाचार्य ने गालव ऋषि, रामानुजाचार्य, पयोहारी, कील्ह से लेकर रामोदाराचार्य तक समस्त पूर्ववर्ती आचार्यों का वैदिक विधि से पूजन किया। तत्पश्चात प्रातः 7:00 बजे से परम पूज्य गलतापीठाधीश्वर स्वामी शिष्यों के लिए गद्दी पर विराजमान हुए। इस अवसर पर पंचसंस्कारित होकर नवीन शिष्यों ने दीक्षा ग्रहण की व पुराने शिष्यों ने स्वामी जी के श्री चरणों का पूजन किया। स्वामीजी ने शिष्यों को कंठी धारण करवाई। इसके उपरान्त गलतापीठाधीश्वर स्वामी अवधेशाचार्य गलता ठिकाने के छोटी चोपड़ स्थित रूप चतुर्भुज मंदिर में सायं 7:00 बजे से रात्रि तक शिष्यों द्वारा पूजन के लिए उपस्थित रहे। इस अवसर पर दुनिया भर से सैकड़ों की संख्या में शिष्यगण उपस्थित रहे। मंगलवार को 3 दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव का संत भंडारे के साथ समापन किया जाएगा।

### गोविंद का विशेष अलंकार श्रृंगार

गुरु पूर्णिमा पर जयपुर के आराध्य गोविंद देव जी के मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भीड़ लगी रही। मंदिर श्री गोविंद देव जी में श्रीपाद् सनातन गोस्वामी महाराज के तीरोभाव तिथि उत्सव मनाया गया। वहीं, ठाकुर श्रीजी का मंगला झांकी के बाद पंचामृत अभिषेक किया गया। पूर्णिमा के अवसर पर भगवान का विशेष अलंकार श्रृंगार किया गया। इसके साथ ही ठाकुर श्रीजी को बरफी का भोग लगाया गया।



### 11 गुरुजनों का किया राज्य स्तर पर सम्मान

राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम के के तत्वाधान में प्रांतीय कार्यालय पर मधु शर्मा स्मृति फाउंडेशन जयपुर द्वारा राज्य स्तर से चयनित 11गुरुजनों का सम्मान किया गया। प्रदेश प्रवक्ता मुकेश मीणा ने बताया कि सम्मानित होने वाले शिक्षकों को स्मृति चिह्न, प्रशस्ति पत्र, 3100रुपए नकद और शॉल दिया जाता है। समारोह के मुख्यअतिथि जगदीश मीणा जिला शिक्षा अधिकारी प्रा. शिक्षा जयपुर, अध्यक्षता ओमप्रकाश गोड मुख्य बीईओ जयपुर पश्चिम, विशिष्टअतिथि दीनदयाल शर्मा सचिव श्रीमती मधु शर्मा स्मृति फाउंडेशन, सियाराम शर्मा प्रशासनिक अध्यक्ष एवं मुख्य संरक्षक, संयोजक नवीन कुमार शर्मा मुख्य महामंत्री राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम रहे।

## गुरु मंत्र का जाप करने से शिष्यों के आसपास बन जाता है सुरक्षा चक्र

आदर्श नगर में बीस दुकान स्थित सोमेश्वर महादेव मंदिर परिसर में विश्व जागृति मिशन जयपुर मंडल के आश्रम में गुरु बहिनों-भाइयों और श्रद्धालुओं ने रविवार को गुरु पूर्णिमा का पर्व अपने सद्गुरु और आध्यात्मिक संत आचार्य सुधांशु के प्रति भक्ति भाव दर्शाते हुए झूमते, नाचते और गाते हुए मनाया। जयपुर मंडल के प्रधान मदन लाल अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नारायण दास गंगवानी, सचिव द्वारका प्रसाद मुटरेजा, महामंत्री दिनेश गुप्ता और दिलीप हरिरामानी सहित अन्य पदाधिकारियों और श्रद्धालुओं ने आचार्य मोहन लाल शास्त्री और विष्णु कुमार शास्त्री के सानिध्य में गुरु चरण पादुका पूजन किया। गुरु चरण पादुका पूजन के बाद चरणामृत सभी श्रद्धालुओं में वितरित किया गया। इस मौके पर आचार्य सुधांशु के विशेष वीडियो संदेश का प्रसारण किया गया। इसमें आचार्य ने कहा कि गुरु पूर्णिमा पर गुरु वंदना और गुरु मंत्र के जाप से शिष्यों का भाग्य बदलता है और उनके आसपास सुरक्षा चक्र बन जाता है, जो विकट और कठिन स्थितियों में उनकी रक्षा करता है। गुरु इस पृथ्वी के जाग्रत देव हैं, जिनकी कृपा



से शिष्य थोड़ा करके भी ज्यादा पा जाते हैं। कार्यक्रम में सुषमा भाटिया ने 'मेरे सदगुरु मुझको देना सहारा...', राजेश शर्मा ने 'गुरुदेव तुम्हारे बिन...', बेला माथुर ने 'सद्गुरु तुम्हारी मेहर के...', गुरुशरण पाहवा ने 'श्री गुरु शरणं, जय गुरु शरणं...', राजेन्द्र भाटिया ने 'सारे तीर्थ धाम आपके चरणों में... और आरती शर्मा ने साथी हमारा कौन...' जैसे गुरु भक्ति के रंग में रचे-बसे भजनों के माध्यम से सद्गुरु वंदना की। नन्हीं बालिका गुंजन शर्मा ने पकड़ लो हाथ गुरुवर...' की प्रस्तुति देकर सभी का दिल जीता। वहीं फूल मुटरेजा, सीमा भाटिया और ममता भाटिया की टीम ने 'तेरे चरणों में सिर रख दिया है...' भजन की सामूहिक प्रस्तुति दी। इस मौके पर गुरु आशीर्वचन, हवन और भंडारा प्रसादी का भी आयोजन किया गया। सोमेश्वर महादेव मंदिर स्थित विश्व जागृति मिशन जयपुर मंडल के आश्रम पर सजावट भी की गई।



## हेरिटेज गैराज शाखा में काम होगा ऑनलाइन

# सॉफ्टवेयर करेगा वाहनों की निगरानी

**बेधड़क | जयपुर**

नगर निगम हेरिटेज में अब गैराज शाखा में संचालित वाहनों का रखरखाव और मेंटेनेंस कार्य ऑनलाइन प्रक्रिया से होंगे। इसके लिए नगर निगम ने स्पेशल सॉफ्टवेयर डेवलप करवाया किया है। इससे स्मार्ट स्विपिंग प्रक्रिया के तहत सभी संसाधनों की स्पेशल सॉफ्टवेयर से मॉनिटरिंग की जाएगी।

गैराज शाखा के उपायुक्त बलराम मीणा ने बताया कि इसके तहत हेरिटेज निगम के चारों जोन में संचालित हूपर मैकेनाइज्ड सफाई करने वाली मशीन समेत सभी गाड़ियों की निगरानी सॉफ्टवेयर के द्वारा कंट्रोल की जाएगी। इस सॉफ्टवेयर के तहत डोर टू डोर कचरा उठाने वाले हूपरर्स के आने जाने का टाइम, डीजल, गाड़ी का मेंटेनेंस जैसी सभी जानकारी दी जाएगी। इसकी मॉनिटरिंग सॉफ्टवेयर के जरिए हेरिटेज निगम के कमिश्नर भी कर सकेंगे। इसके तहत गाड़ियों के आने-जाने का समय, उनके डीजल भरवाने का ऑनलाइन टोकन और मॉनिटरिंग की जाएगी। उपायुक्त गैराज बलराम मीणा ने बताया कि इसका मुख्य नियंत्रण कक्ष मुख्यालय में बनाया गया है। निगम कमिश्नर अभिषेक सुराणा ने बताया कि हेरिटेज क्षेत्र में जनता कई बार नगर निगम के संसाधनों के सही वक्त पर नहीं पहुंचने की शिकायत करती थी। साथ ही निगम के संसाधनों में अचानक समस्याएं आती थी। इसी को ध्यान में रख सॉफ्टवेयर को डेवलप किया गया है।

## चंदलाई पूर्व सरपंच राजावत ने रची थी पूरी कहानी

# प्लॉट पर कब्जा करने आए थे, धरे गए बदमाश

**बेधड़क | चाकसू**

शिवदासपुरा थाना पुलिस ने थाना इलाके के कामधेनू नगर बीलवा में एक प्लॉट पर कब्जा करने आए आधा दर्जन बदमाशों को मालिक की मदद से गिरफ्तार किया। कुछ बदमाश पुलिस की कार्रवाई के बाद मौके से भाग निकले। बदमाशों ने प्लॉट पर लगे ताले तोड़े और वहां पर लगे हुए सीसीटीवी कैमरा और डीवीआर को भी निकाल लिया। जबरन प्लॉट पर बदमाशों के घुसने की



सूचना मिलने पर मालिक दीपक सिंघल ने पुलिस कंट्रोल रूम को जानकारी दी। इस पर पुलिस मौके पर पहुंची और चार बदमाशों देवेंद्र सिंह उर्फ देवसा, मोनू शर्मा, राज्यवर्धन और राजदीप को पकड़ लिया। दीपक सिंघल ने बताया कि उसका यह प्लॉट कई साल पहले उस ने खरीदा था। बाउंडरी करवा कर एक कमरा बना रखा है। बदमाशों ने 17 जुलाई को प्लॉट के गेट का ताला तोड़ा। प्लाट में घुसे और सीसीटीवी कैमरा-डीवीआर निकाल लिया। इस के बाद एक दर्जन से अधिक लड़के आए और वहां बैठकर शराब पीने लगे। इसकी जानकारी उनके पड़ोसी ने उन्हें दी। पुलिस के मौके पर पहुंचने पर कुछ बदमाश मौके से भाग छूटे, लेकिन चार पकड़े गए। इस पूरी घटना की प्लानिंग चंदलाई के पूर्व सरपंच शैलेंद्र सिंह राजावत ने रची थी। पुलिस ने एफआईआर में शैलेन्द्र सिंह का भी नाम शामिल किया है।

## आरक्षण में वर्गीकरण की मांग

# माली सैनी समाज ने जातिगत गणना के आधार पर मांगा हक

**बेधड़क | जयपुर**

आरक्षण में वर्गीकरण को लेकर माली सैनी समाज एक बड़ा आंदोलन कर सकता है। इसको लेकर माली, सैनी महासभा राजस्थान के अध्यक्ष छुट्टन माली फूलवाले ने कहा कि पिछली सरकार ने ओबीसी में वर्गीकरण करके अन्य जातियों को आरक्षण का लाभ दिया है। इससे माली सैनी समाज के ओबीसी का आरक्षण का जो फायदा मिलना चाहिए था उनको जनसंख्या के अनुपात में नहीं मिल पा रहा है इसके लिए उन्होंने मांग की की जातीय गणना के आधार पर उनको ओबीसी आरक्षण का फायदा मिले। प्रवक्ता विनीत सांखला ने बताया कि माली सैनी महासभा राजस्थान की ओर से समाज से जुड़े एवं मुद्दों को लेकर एक मीटिंग जयपुर के पत्रकार कॉलोनी स्थित राज आंगन रिसोर्ट में हुई। इस बैठक में जयपुर शहर, जयपुर ग्रामीण, अलवर, दौसा, सवाई माधोपुर, करौली, भरतपुर, धौलपुर, अजमेर, झुंझुनूं, जोधपुर सहित अन्य जिलों से समाज के पदाधिकारी इस बैठक में शामिल हुए।



### बड़ा अधिवेशन कर समाज करेगा शक्ति प्रदर्शन

बैठक में अध्यक्ष छुट्टन लाल सैनी फूल वाले के नेतृत्व में ओबीसी को मूल आरक्षण की मांग को लेकर आम सहमति बनी ताकि समाज के युवाओं को सरकारी नौकरी सहित नगर पालिका पंचायत समितियां में सही अनुपात में मौका मिले। वहीं जाति जनगणना की मांग को लेकर भी इस बैठक में सहमति बनी। उन्होंने बताया कि महात्मा ज्योतिबा फुले बोर्ड और लव कुश बोर्ड में समाज के ही व्यक्ति को चेयरमैन बनाने सहित बोर्ड को 100 करोड़ के बजट की मांग को लेकर संगठन मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व वाली राजस्थान सरकार से गुहार करेगा। समाज ने इस मीटिंग में सभी राजनीतिक पार्टियों से निकाय चुनाव में उचित प्रतिनिधित्व की मांग की संगठन की ओर से आगामी दिनों में बड़ा अधिवेशन करके समाज की शक्ति दिखाई जाएगी।

### बैठक में ये रहे मौजूद

माली सैनी महासभा के कार्यालय प्रभारी सागर महावर ने बताया कि इस बैठक में महासभा के अध्यक्ष छुट्टन लाल सैनी, कार्यकारी अध्यक्ष सीएल सैनी, विधायक भागचंद टकड़ा, प्रवक्ता विनीत सांखला, महामंत्री बाबूलाल सैनी, जिला अध्यक्ष अलवर पूरणमल सैनी, पुष्कर धर्मशाला अध्यक्ष ओमप्रकाश सैनी, संरक्षक बिरदिचंद सैनी, शाहपुरा पूर्व प्रधान मैत्री सैनी, गुड्डू सैनी, रामस्वरूप सैनी, एडवोकेट पुष्पेंद्र कुमार, किशन गहलोत, भागचंद सैनी, ओम प्रकाश सैनी, कृपाल सैनी, मुकेश सैनी, करतार श्रेणी सहित समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## जरूरी खबर

### पर्यावरण महोत्सव का मकसद ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाना



**अजमेर।** शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश में आठ अगस्त को हरियाली के लिए 'पर्यावरण महोत्सव' मनाने जा रही है, इसका मकसद राज्य में ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाना है। अजमेर में भाजपा समन्वय समिति की बैठक में भाग लेने आए दिलावर ने रविवार को पत्रकारों से कहा कि धरती का तापमान बढ़ रहा है और इस बढ़ते तापमान से मानव जीवन खतरे में हैं। जितने ज्यादा पेड़ लगाएंगे, उतना वातावरण हरियालीयुक्त बनेगा और मानव जीवन भी स्वस्थ एवं खुशहाल बनेगा।

### इस बार हाड़ौती में होगी औसत से ज्यादा बारिश



**कोटा।** मानसून के सीजन में वर्षा का अनुमान लगाने के लिए वायु धरना पूजन गढ़ पैलेस में किया गया। इसमें हाड़ौती में औसत से ज्यादा बारिश इस मानसून सीजन में होने का अनुमान सामने आया। आचार्य पंडित आशुतोष दाधीच ने बताया कि रियासत काल से ही आषाढ़ी पूर्णिमा पर गढ़ कोटा स्थित ऐतिहासिक जंतर की बुर्ज पर स्थित दिशा सूचक यंत्र में धर्म ध्वजा लगाकर वायु धारणा पूजन किया जाता है। शुभ मुहूर्त के समय वायु का प्रभाव नैरकत्य कौण से ईशान कोण की ओर रहा, यह मानसून के मध्यम से अच्छा रहने का संकेत देता है।

### दरगाह में मोहर्रम समापन के बाद कव्वालियों का दौर



**अजमेर।** अजमेर में मोहर्रम समापन के बाद तीये की फातिहा के बावजूद मुस्लिम बिरादरी 'चेहल्लुम' के दौर में आगे चालीस दिनों तक गमजदा रहेगी। अजमेर ख्वाजा मोईनुद्दीन हसन चिश्ती की दरगाह में कव्वालियों का दौर शुरू हो चुका है, लेकिन वो कव्वालियां ख्वाजा गरीब नवाज की शान में है। दरगाह क्षेत्र में आज भी लोग 'हुसैनी' रंग में हरा लिबास पहने नजर आ रहे हैं। नव हिजरी सन 1446 से शुरू हुआ मोहर्रम माह चल रहा है। ऐसे में मुस्लिम बिरादरी में चेहल्लुम का खास महत्व है। परिवारों में खुशी के काम प्रतिबंधित हैं।

---

### 350 छात्राएं हर शनिवार को आत्मरक्षा के प्रशिक्षण शिविर में सीख रही हैं नई-नई तकनीक

# अलवर में बेटियां मनचलों को सिखाएंगी सबक... सीख रही गुर

**बेधड़क** | अलवर

महिलाओं के साथ बढ़ते अपराधों को देखते हुए अलवर शहर के एसएमडी स्कूल से जुड़े एक भामाशाह ने बच्चियों को आत्मरक्षक बनाने का जिम्मा लिया है। इसी पहल के चलते स्कूल की करीब 350 छात्राएं हर शनिवार को आत्मरक्षा के प्रशिक्षण शिविर में नई-नई तकनीक सीख रही हैं।

इसके लिए एक विशेष ट्रेनर को भी नियुक्त किया गया है। यह शिविर करीब 10 माह तक होगा। इसमें हर महीने 4 बार स्कूल कैंपस में शिविर आयोजित किया जा रहा है। एसएमडी स्कूल की प्रिंसिपल सीमा शर्मा ने कहा कि हमारी स्कूल से कई सालों से भामाशाह अमित छाबड़ा जुड़े हुए हैं। उन्होंने स्कूल की छात्राओं के लिए एक पहल की शुरुआत की। उन्होंने हमारे स्कूल के लिए महिला ट्रेनर की व्यवस्था की है, जो हमारी स्कूल की छात्राओं को ट्रेनिंग दी जा रही है। यह आत्मरक्षा का शिविर हर शनिवार को सुबह 8 से 10 बजे तक स्कूल कैंपस में आयोजित किया जाता है।



#### 350 से ज्यादा छात्राएं ले रही हिस्सा

सीमा शर्मा ने बताया कि इस शिविर में कक्षा 9वीं से 12वीं तक की छात्राओं को जाने की अनुमति है। हालांकि, 8वीं कक्षा की छात्राएं भी इस शिविर में यदि आना चाहती हैं तो उनकी एप्लीकेशन के अनुसार उन्हें परमिशन दी जाती है। इस प्रशिक्षण शिविर में करीब 350 से 400 छात्राएं शामिल होती हैं और हर शनिवार को नई-नई तकनीक सिखती हैं। इस प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने के लिए छात्राओं को अपने पेरेंट्स की अनुमति लेना जरूरी है।

#### डरकर रास्ता न बदलें छात्राएं, इसलिए शुरू की पहल

रानी लक्ष्मीबाई स्कूल ऑफ मार्शल आर्ट की संस्थापक पायल सैनी ने बताया कि वे पिछले 5 सालों से बच्चियों को आत्मरक्षा के गुर सीखा रही हैं। उन्होंने कहा कि एसएमडी स्कूल में करीब 350 से ज्यादा स्टूडेंट्स को आत्मरक्षा के गुर सिखा रहे हैं। पायल सैनी ने कहा कि आज के समय में लड़कियों के लिए सेल्फ डिफेंस जरूरी हो गया है। हमारी इस क्लासेस द्वारा बच्चियों को साहसी बनने का प्रोत्साहन दिया जाता है, जिससे कि वह रोड पर निकलें तो उनसे कोई बदतमीजी या दुर्व्यवहार कर तो वे उसका डटकर सामना कर सकें, ना कि अपना रास्ता बदल लें। इसके लिए छात्रों को अलग-अलग तकनीक बताई जा रही है। पायल सैनी ने बताया कि सप्ताह के हर शनिवार को यह शिविर आयोजित किया जाता है। जुलाई के सत्र से इसकी शुरुआत हुई है। सीमा शर्मा ने बताया कि स्कूल में आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर की करीब 40 कक्षाएं आयोजित की जाएंगी, जिसमें हर शनिवार को No Bag Day के दिन इस शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह इस साल पहली बार शहर के सरकारी स्कूल में किया जा रहा है, जो कि एक सराहनीय कार्य है। सीमा शर्मा ने बताया कि कई बच्चियां डर के चलते ऐसी घटनाओं पर न तो रिएक्ट कर पाती हैं, ना ही अपने परिजन से इस संबंध में खुलकर बात कर पाती हैं। इसके चलते कई बार वे घुटन भी महसूस करती हैं। इसी से आजादी दिलाने के लिए और हर परेशानी का सामना करने को तैयार करने के लिए बच्चियों को आत्मरक्षा की तकनीक सिखाई जा रही है।

---

### अलवर-मथुरा रेलवे ट्रैक पर मालगाड़ी रेवाड़ी जाते वक्त हो गई डिरेल

# मालगाड़ी के तीन डिब्बे पटरी से उतरे... रेल यातायात प्रभावित

**बेधड़क** | अलवर

अलवर-मथुरा रेलवे ट्रैक पर शनिवार देर रात करीब 2:30 बजे खाली मालगाड़ी रेवाड़ी जाते वक्त डिरेल हो गई। इसके चलते अलवर-मथुरा रेल मार्ग प्रभावित हो गया। मालगाड़ी के तीन डिब्बे पटरी से उतर गए। मालगाड़ी अलवर के गोदाम में खाली होने के बाद लौट रही थी। इस दौरान यह हादसा हो गया। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे के अधिकारी मौके पर पहुंचे। इसके बाद रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया।

अलवर जिले में बीती देर रात एक मालगाड़ी के तीन डिब्बे पटरी से उतर गए। यह घटना रेलवे स्टेशन से करीब 3 किलोमीटर दूर तिजारा फाटक के पास हुई। रेलवे के अधिकारियों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए बेपटरी डिब्बों को हटाने का काम शुरू कर दिया। बता दें कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। रेलवे के एडीआरएम मनीष गोयल ने बताया शनिवार

देर रात करीब ढाई बजे अलवर-दिल्ली रेल मार्ग पर तिजारा फाटक के पास सैनिक कार्यालय और बाबू शोभाराम कॉलेज के बीच अचानक मालगाड़ी के तीन डिब्बे पटरी से उतर गए। सूचना मिलते ही रेलवे प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। रेलवे के जयपुर से एडीआरएम मनीष गोयल खुद घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जांच की। गोयल ने बताया कि घटना के कारण कुछ देर के लिए ट्रेन सेवा बाधित रही।



#### हादसे में नहीं हुई जनहानि

घटना के बाद रेलवे ट्रैक को साफ कर दिया गया और ट्रेन सेवा बहाल कर दी गई। राहत की बात यह रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। रेलवे कर्मचारियों ने जेसीबी की मदद से बेपटरी डिब्बों को हटाने का काम किया। हादसे में दो डिब्बे पूरी तरह से पलट गए, जिन्हें क्रेन की मदद से दिल्ली मुंबई रेल मार्ग से दूर किया गया। एडीआरएम ने बताया कि दिल्ली मुंबई रेल मार्ग पूरी तरह से संचालित है, जबकि अलवर-मथुरा रेल मार्ग प्रभावित हुआ है। घटना के बाद मौके पर बड़ी संख्या में रेलवे कर्मचारी और राहत बचाव दल के सदस्य मौजूद रहे। घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

#### मेला स्पेशल हुई प्रभावित

अलवर मथुरा रेल मार्ग पर मालगाड़ी के डिब्बे डिरेल होने की घटना से मेला स्पेशल सहित कुछ ट्रेन प्रभावित हुई हैं। हालांकि अलवर मथुरा रेल मार्ग पर रात के समय सवारी गाड़ियां नहीं चलती, इसलिए यात्रियों को किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। एडीआरएम मनीष गोयल ने बताया कि हादसे की जांच के लिए रेलवे की तरफ से कमेटी बनाई गई है, जो हादसे के कारणों का पता लगाएगी।



---

### उपसरपंच की मौत का सदमा नहीं झेल पाया परिवार

# पति के बाद पत्नी और बेटे ने भी तोड़ा दम



**बेधड़क** | भीलवाड़ा

जिले की बड़लियास ग्राम पंचायत में उप सरपंच की मौत का मामला सामने आया है। रविवार को क्षेत्र के उप सरपंच सत्यनारायण सोनी की शनिवार को खेत में काम करते समय अचानक मौत हो गई।

ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस और परिजनों को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। उप सरपंच की मौत की खबर मिलते ही उनके घर में मातम का माहौल छा गया। सत्यनारायण की मौत की खबर सुनते ही उनके बेटे आशुतोष और पत्नी ममता सोनी की भी तबीयत बिगड़ गई, जिन्हें परिजन भीलवाड़ा अस्पताल ले गए, जहां रविवार को उन दोनों की भी मौत हो गई।

इसके बाद अस्पताल ने पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी सिद्धार्थ प्रजापत मय जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे और मां-बेटे के शवों का पुलिस देखरेख में पोस्टमार्टम करवाया।

---

### दहेज के लिए की थी हत्या... 10 हजार का जुर्माना भी लगाया

# पत्नी का मर्डर करने वाले को उम्र कैद की सजा

**बेधड़क** | झुंझुनूं

दहेज के लिए तंग व परेशान कर पत्नी की गला घोटकर हत्या करने के मामले में झुंझुनूं कोर्ट ने आरोपी पति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही दस हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। यह फैसला अपर सेशन न्यायाधीश संख्या-1 की जज सीमा ढाका ने सुनाया।

पीड़ित की ओर से पैरवी सहायक निदेशक अभियोजन कमल किशोर शर्मा ने की। उन्होंने बताया कि मृतक विवाहिता के पिता हांसलसर निवासी घासीराम ने 28 फरवरी 2020 को गुढ़ागौड़जी थाने में मामला दर्ज करवाया था कि उसकी बेटी सुष्मिता की शादी 11 मई, 2018 को पौसाना निवासी बसंत कुमार के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही पति बसंत कुमार दहेज की मांग करने लगा। दो बार



उन्होंने 4-4 लाख रुपए भी दिए थे। फिर भी बसंत कुमार दहेज की मांग करता रहा। उसकी बेटी को तंग व परेशान करने लगा और एक दिन दहेज के लिए उसकी बेटी की गला घोटकर हत्या कर दी। आरोपी पति को गिरफ्तार कर अदालत में चालान पेश किया था। अभियोजन पक्ष सहायक निदेशक अभियोजन किशोर शर्मा ने 20 गवाह और 15 सबूत कोर्ट में पेश करवाए। दोनों पक्षों की बहस सुनकर कोर्ट ने आरोपी पति बसंत कुमार आजीवन कारावास की सजा के साथ 10 हजार का जुर्माना लगाया।

---

### सांवरिया सेठ के दर्शन को जा रहे थे पांच दोस्त

# डिवाइडर से टकरा पलटी कार... 1 की मौत, 4 घायल

**बेधड़क** | सिरोही

ब्यावर-पिंडवाड़ा फोरलेन स्थित शिवगंज थाना क्षेत्र के खंदरा कट के पास जोधपुर से सांवरिया सेठ दर्शन करने के लिए कार में सवार होकर जा रहे श्रद्धालुओं की कार बेकाबू होकर डिवाइडर से टकराकर सड़क किनारे पलट गई। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि चार गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को पहले शिवगंज अस्पताल पहुंचाया गया। वहां से रेफर करने पर जोधपुर ले जाया गया।

परिजन नृसिंह भार्गव ने बताया कि कार सवार सभी पांच लोग जोधपुर के मथानिया थाना क्षेत्र स्थित तिंवरी के रहने वाले हैं। शनिवार रात चित्तौड़गढ़ के लिए रवाना हुए थे। क्रेटा कार सवार पांचों लोग आपस में दोस्त हैं। गांव से निकलने के बाद पाली-और सिरोही बॉर्डर पर हादसा हो गया।



शिवगंज (सिरोही) से आगे निकलने के बाद पोसालिया में अचानक पशु के आने से कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में प्रॉपर्टी कारोबारी सुरेंद्र सिंह (40) पुत्र भोम सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं सूचना पर पहुंचे हाईवे एंबुलेंस ने सभी घायलों को कार से बाहर निकाला। मेडिकल कारोबारी देवेंद्र गोयल (40) पुत्र अनोपचंद, होटल व्यवसायी सुरेंद्र माली (36) पुत्र सत्यनारायण, किराना व्यवसायी मुकेश (38) पुत्र दाऊलाल, किराना व्यवसायी राकेश (40) पुत्र भैंरूलाल को पालनपुर (गुजरात) के वेदांता हॉस्पिटल में पहुंचाया।

जहां उनका इलाज गंभीर हालत में जारी है। हादसे की सूचना पर शिवगंज थाने के सब इंस्पेक्टर प्रकाश चौधरी दल सहित घटनास्थल पहुंचे। पुलिस ने मौका मुआयना कर घायलों को सरकारी अस्पताल रवाना करने के साथ ही परिजनों को सूचना दी, पुलिस ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहन हटवाया। इस दौरान करीब एक घंटे तक यातायात बाधित रहा। हादसे की सूचना के बाद परिजन हॉस्पिटल में पहुंचे। शिवगंज (सिरोही) पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### डेढ़ करोड़ की फर्जी रजिस्ट्री कराने वाले चार गिरफ्तार

**चित्तौड़गढ़।** बेंगलुरु के एक व्यक्ति के नाम डमी खाताधारक के जरिए जमीन रजिस्ट्री करवाकर डेढ़ करोड़ रुपये की ठगी करने के मामले का खुलासा हुआ है। सदर चित्तौड़गढ़ पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है, इनमें दो महिलाएं भी शामिल हैं। आरोपियों से ठगी गई राशि में से 19 लाख 60 हजार रुपए बरामद किए जा चुके हैं। एसपी सुधीर जोशी ने बताया कि बेंलुरु निवासी राधेश्याम पारीक ने सदर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसमें उन्होंने बताया कि पूजा बनकर आई एक महिला, मानसिंह जाट, भंवरसिंह, रतनसिंह ने स्वयं प्रॉपर्टी का व्यवसायी बताया।

---

### सीएचसी के सामने जाम लगाकर किया प्रदर्शन

# करंट से सास-बहू की मौत पर भड़के ग्रामीण, CHC के सामने लगाया जाम

**बेधड़क** | करौली

बामनवास उपखंड में सीतौड़ गांव के पास पांच्या ढाणी झौपड़ा में शनिवार रात आठ बजे हाइटेंशन बिजली लाइन टूटने से शौच जा रही एक महिला करंट की चपेट में आ गई। उसके चीखने पर बचाने पहुंची उसकी सास को भी करंट लग गया। इससे दोनों सास-बहू की मौत हो गई।

मृतक सास मनभर मीना तथा बहू सीमा मीना है। इस घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने रविवार सुबह सीएचसी के सामने जाम लगाकर प्रदर्शन किया। परिजन कई मांगों के पूरा नहीं होने तक पोस्टमार्टम नहीं कराने की जिद पर अड़े हैं। वहीं, पुलिस प्रशासन समझाइश में जुटा हुआ है। थाना प्रभारी रामचंद्र ने



बताया कि शवों को चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाया है। गांव के पास ही खेतों में कुछ लोगों ने मकान बना लिए है।

विद्युत लाइन टूटने से उसकी चपेट में आने से शौच के लिए जा रही बहू सीमा मीना की मौके पर मौत हो गई। वहीं उसे बचाने के लिए पहुंची सास मनभर मीना को भी करंट लग गया। चिंगारी से घर में आग लग गई। इससे सिलेंडर भी फट गया। घरेलू सामान जल गया। हादसे के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई। इस घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने रविवार सुबह विरोध-प्रदर्शन किया।

#### पिकअप-रोडवेज बस भिड़ंत में एक मरा

बीकानेर। जिले के लूणकरणसर पुलिस थाना क्षेत्र में राजमार्ग 62 पर रविवार दोपहर एक पिकअप व रोडवेज बस की भिड़ंत में एक की मौत हो गई और 11 जने घायल हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची लूणकरनसर थाना पुलिस ने घायलों को पहले वहीं के राजकीय अस्पताल पहुंचाया गया। जहां से चिकित्सकों ने घायलों को प्राथमिक उपचार देकर बीकानेर के पीबीएम ट्रोमा सेंटर रैफर कर दिया। पंचायत समिति सदस्य और टाइगर फोर्स के अध्यक्ष महिपालसिंह राठौड़ ने बताया कि हादसा इतना भीषण था कि पिकअप चालक की मौके पर ही मौत हो गई थी। उसका शव पिकअप में फंस गया था। कटर से पिकअप का दरवाजा काटकर शव को बाहर निकला और फिर राजकीय अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया। वहीं मृतक पिकअप चालक की पहचान विशाल पुत्र जगदीश बोहरा, निवासी सुजानगढ़ के रूप में की गई है। इस हादसे में बस में सवार 11 जने भी घायल हो गए हैं, जिनमें छह महिलाएं और दो बच्चे भी शामिल हैं। सभी घायलों का पीबीएम ट्रोमा सेंटर में उपचार चल रहा है।

#### ट्रैक्टर ने टेंपो को मारी टक्कर, अधेड़ की मौत

**धौलपुर।** गुरु पूर्णिमा कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहे टेंपो सवार एक परिवार को शहर के वॉटर वर्क्स चौराहे पर तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में 55 साल के अधेड़ की मौके पर मौत हो गई, वहीं चार जने घायल हो गए। दो घायलों को जयपुर रेफर किया गया है। जानकारी के मुताबिक 55 वर्षीय चंद्रभान निवासी शमशाबाद, जिला आगरा अपने परिवार के साथ गुरु पूर्णिमा महोत्सव में शामिल होने के लिए गेंदा बाबा आश्रम पर गया था। करीब आधा दर्जन परिवार के लोग गुरु पूर्णिमा महोत्सव में शामिल होकर घर लौट रहे थे। शहर के वाटर बॉक्स चौराहे पर तेज रफ्तार ट्रैक्टर



ने टेंपो को टक्कर मार दी। दुर्घटना में चंद्रभान की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं चार जने गंभीर रूप से जख्मी हो गए। ट्रैक्टर चालक घटना को अंजाम देकर मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना कोतवाली थाना पुलिस को दी गई। कोतवाली पुलिस ने डेड बॉडी को कब्जे में लेकर घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। दो घायलों की स्थिति नाजुक होने पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर जयपुर रेफर कर दिया। घटना को लेकर कोतवाली थाना प्रभारी प्रवेंद्र कुमार रावत ने आरोपी की पुलिस तलाश कर रही है।

### गुरुग्राम होगी जॉब लोकेशन, सोशल मीडिया पर इंफॉर्मेटिव पोस्ट लिखने की होगी जिम्मेदारी

# INDIGO AIRLINES में सोशल मीडिया एग्जीक्यूटिव की पोस्ट पर भर्ती

**बेधड़क** | जयपुर

इंडीगो एयरलाइन ने सोशल मीडिया एग्जीक्यूटिव की पोस्ट पर वैकेंसी निकाली है। इसके लिए अप्लाई करने वाले कैंडिडेट को सोशल मीडिया पर इंफॉर्मेटिव पोस्ट लिखने की जिम्मेदारी होगी। कस्टमर सर्विस, कंप्लेन हैंडलिंग, ऑनलाइन रेपुटेशन मैनेजमेंट में एक्सपीरियंस्ड कैंडिडेट्स को प्राथमिकता दी जाएगी।

पद के लिए रोल और रिस्पॉन्सिबिलिटी की बात करें तो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कस्टमर्स के क्वेरीज को इफेक्टिव और एक्टिव तरीके से समझना और उनका सॉल्यूशन प्रोवाइड करना, कस्टमर्स के प्रो-एक्टिव सोशल केयर के लिए कम्युनिकेशन ड्राफ्ट तैयार करना और पब्लिश करना होगा। साथ ही सोशल मीडिया पर संभावित खतरे को चिह्नित करना और उसे बड़े सोशल ग्रुप को रिपोर्ट करना और अपने मीडिया स्टेटमेंट को लेकर रेडी रहना। पैसेंजर अनाउंसमेंट्स, प्रमोशनल ई-मेल्स और ऑपरेशनल टेक्स्ट मैसेजेस के लिए कॉम्युनिकेशन्स लिखना और उसे एडिट करना होगा। अच्छे और इन्फॉर्मेटिव मैसेजेस को लिखने के लिए मार्केटिंग, कस्टमर सर्विस और ऑपरेशन्स टीम्स के साथ कोलैबोरेट करने के साथ ही कम्युनिकेशन की क्लैरिटी और इफेक्टिवनेस को इंप्रूव करने के लिए फीडबैक की मॉनिटरिंग करना और रिस्पॉन्ड करना होगा। सबसे खास बात इंडस्ट्री की बेस्ट प्रैक्टिसेस से अपडेटेड रहना और कस्टमर्स से एप्रोप्रिएट मैनर में कम्युनिकेट करना होगा।




### पद के लिए यह चाहिए एजुकेशन और स्किल्स

हिंदी और इंग्लिश दोनों लैंग्वेज में एक्सीलेंट कम्युनिकेशन (वर्बल और रिटेन दोनों) स्किल्स होनी चाहिए। अच्छी टाइपिंग स्किल्स होनी चाहिए। इस पोस्ट पर अप्लाय करने वाले कैंडिडेट के पास कम्युनिकेशन्स, जर्नलिज्म, मार्केटिंग या इससे रिलेटेड फील्ड में बैचलर्स की डिग्री होनी चाहिए।

### 2 साल का हो एक्सपीरियंस

इस पोस्ट पर अप्लाय करने वाले कैंडेड्स के पास 2 सालों का एक्सपीरियंस होना चाहिए। हालांकि, इसके लिए फ्रेशर्स भी अप्लाई कर सकते हैं।

### यह रहेगा सैलरी स्ट्रक्चर

अलग-अलग सेक्टर्स की जॉब सैलरी बताने वाली वेबसाइट एम्बीशन बॉक्स के मुताबिक, इंडिगो में सोशल मीडिया एग्जीक्यूटिव की सलाना सैलरी 3 लाख रुपए से 5 लाख रुपए के बीच हो सकती है। इस पोस्ट की जॉब की लोकेशन गुरुग्राम, हरियाणा रहेगी। गौरतलब है कि इंडिगो एक भारतीय एयरलाइन्स कंपनी है, जिसका हेडक्वार्टर गुरुग्राम, हरियाणा में है। यह एक कम कीमत वाली यात्री सेवा और भारत की सबसे बड़ी विमानन सेवा है। इसका मार्केट शेयर फरवरी 2014 के आंकड़ों के अनुसार 30.3% था। इसकी शुरुआत साल 2006 में इंटरग्लोब इंटरप्राइज के राहुल भाटिया तथा राकेश एस गंगवाल, जो कि यूनाइटेड स्टेट्स में रहने वाले अप्रवासी भारतीय हैं, के की थी।

## Yuva स्टोरीज

### 'शी' का सुझाव देने वाली निष्ठा पुरी होंगी रेलवे की वित्त सलाहकार




**बेधड़क** | जयपुर

रेलवे बोर्ड ने अकाउंट्स ऑफिसर निष्ठा पुरी को उत्तर पश्चिम रेलवे का वित्त सलाहकार (एफएएंडसीएओ/डब्ल्यूएंडएस) नियुक्त किया है। पुरी इंडियन रेलवे अकाउंट्स सर्विस की 2004 बैच की सीनियर एडमिनिस्ट्रेटिव ग्रेड हैं। निष्ठा जयपुर मंडल की लंबे समय तक वित्त प्रमुख (सीनियर डीएफएम) भी रहीं हैं। उनके पति कैप्टन शशि किरण मैकेनिकल इंजीनियरिंग सर्विस (एसीआरए) से हैं और अभी उप रेलवे के मुख्य प्रवक्ता हैं। पुरी ने ही तत्कालीन रेलमंत्री सुरेश प्रभु द्वारा आयोजित किए गए चिंतन शिविर में महिलाओं के लिए ट्रेन में डेडीकेटेड/रिजर्व कोच 'शी' का सुझाव दिया था, जिसे प्रभु ने पसंद कर, सभी ट्रेनों में लगाने के लिए कहा था।

### CISF के नरपत सिंह संभालेंगे एयरपोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था



**जयपुर।** केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से सेंट्रल आर्म्ड पैरामिलिट्री फोर्स (सीएपीएफ) के 2008 बैच के नरपत सिंह को पदोन्नति दी गई है। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) में तैनात सिंह अब जयपुर एयरपोर्ट के सीनियर कमांडेंट होंगे। सीआईएसएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार सिंह एयरपोर्ट की ही सुरक्षा व्यवस्था संभालेंगे। इस पर सिंह को चीफ एयरपोर्ट ऑफिसर विष्णु मोहन झा और एयरपोर्ट अथॉरिटी के सीआईसी चरण सिंह ने बधाई दी। सीएपीएफ सर्विस के 2008 बैच के सिंह ने एयरपोर्ट पर सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। साथ ही स्टाफ वेलफेयर से भी जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। ऐसे में सिंह की पदोन्नति के बाद स्टाफ ने एयरपोर्ट कर्मचारियों को मिठाई बांटी।

### RCA के राज्यस्तरीय सेमिनार का समापन

# हर जिले में प्रशिक्षत क्यूरेटर और ग्राउंड्समैन उपलब्ध होंगे



**बेधड़क** | जयपुर

'अब राजस्थान क्रिकेट संघ के हर जिला केंद्रों पर प्रशिक्षत क्यूरेटर और ग्राउंड्समैन उपलब्ध होंगे, जिससे वहां उच्च स्तरीय क्रिकट मैदान और विकेट उपलब्ध होंगे। इससे युवा खिलाड़ियों को प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए बेहतर प्लेटफार्म मिलेगा।

इसके साथ ही प्रदेश के क्यूरेटर और ग्राउंड्समैन आगे चलकर बीसीसीआई के क्यूरेटर और ग्राउंड्समैन पेनल में शामिल होंगे।' यह जानकारी एडहॉक कमेटी संयोजक और विधायक जयदीप बिहाणी ने दी। वे रविवार को राजस्थान क्रिकेट एसोशिएशन द्वारा आयोजित किये जा रहे 3 दिवसीय राज्य स्तरीय क्यूरेटर और ग्राउंड्समैन सेमिनार के समापन समारोह में संबोधित कर रहे थे। इस दौरान राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद् के सचिव सोहन लाल चौधरी मौजूद रहे।

### पिच बनाने की प्रेक्टिकल जानकारी दी

3 दिवसीय सेमिनार में विकेट (पिच) के निर्माण में कौन से चीजों का इस्तेमाल किया जाता है। कितनी लेयर (परतें) होतीं हैं। मिट्टी कितने प्रकार की होती है। पिच पर कौनसी घास लगाई जाती है। मैदान में किस प्रकार का प्रारूप तैयार किया जाता है। मैदान की मिटटी सहित कौनसी घास लगाने से खेल में गति आती है। इन सभी की प्रेक्टिकल कर जानकारी दी गई। इसके साथ ही पिच के साल भर देखरेख के साथ किसी प्रतियोगिता से पूर्व विकेट किस प्रकार तैयार किया जाता है। कब कितना पानी डालना है, रोलिंग कब कब करनी है, रोलर कौनसे होने चाहिए, मैच से पूर्व विकेट को सुरक्षित रखने के लिए क्या करना चाहिए, विकेट कवर्स को मैदान में कहां होना चाहिए, कवर्स किस प्रकार के होने चाहिए जैसे सभी पहलुओं की बारीकी से जानकारी दी गई।

### 70 से ज्यादा क्यूरेटर और ग्राउंडमैन को ट्रेनिंग

समापन समारोह को सम्बोधित करते हुए जयदीप बिहाणी ने कहा कि आरसीए द्वारा आयोजित 3 दिवसीय राज्य स्तरीय क्यूरेटर और ग्राउंड्समेन सेमिनार में 70 से ज्यादा क्यूरेटर और ग्राउंडमैन को ट्रेनिंग दी गई है। 3 दिन तक सभी को आरसीए क्यूरेटर तपोश चटर्जी और आरसीए ग्राउंडमेन टीम ने विकेट और ग्राउंड के निर्माण, पिच कंडीशन, मैदान की संरचना सहित अन्य सम्बंधित कार्यों के विषय में प्रक्टिकल और थ्योरी के रूप में प्रशिक्षित किया गया है। जिससे प्रदेश के सभी जिलों के खिलाडियों को भविष्य में उच्च स्तरीय खेल मैदान और विकेट उपलब्ध हो सकेंगे।




### 29-30 को डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन

# हाउसिंग बोर्ड भर्ती परीक्षा का संशोधित रिजल्ट जारी



**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान हाउसिंग बोर्ड में निकाली गई 258 पदों पर भर्ती का संशोधित रिजल्ट जारी कर दिया गया है। इस रिजल्ट में हर पद के लिए तीन गुना अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट किया है, जिन्हें अब 29 और 30 जुलाई को डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के लिए बुलाया है। हाउसिंग बोर्ड अधिकारियों ने बताया कि डॉक्यूमेंट वेरीफिकेशन मालवीय नगर सेक्टर 5 स्थित सामुदायिक भवन में होगा। संभावना है कि अगस्त से नियुक्ति पत्र जारी करके नियुक्तियां दे दी जाएगी।

बता दें कि इस भर्ती के लिए ऑनलाइन हुई परीक्षा का रिजल्ट अक्टूबर 2023 में जारी किया गया था, लेकिन भर्ती नियमों के अनुसार दिव्यांग, भूतपूर्व सैनिक, एससी-एसटी को पासिंग नंबर में 5 फीसदी तक की छूट नहीं दी और रिजल्ट जारी कर दिया। इस पर हाईकोर्ट में एक याचिका लगी। हाईकोर्ट ने मार्च 2024 में आदेश देते हुए नियमानुसार छूट देकर दोबारा रिजल्ट जारी करने के आदेश दिए थे। कमिश्नर इंद्रजीत सिंह ने बताया कि हमें एग्जाम करवाने वाली एजेंसी से जैसे ही रिजल्ट मिल गया है। हमने अभ्यर्थियों के डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन का शेड्यूल जारी कर दिया है। एक पद पर तीन गुना अभ्यर्थी बुलाए हैं। ये काम 29 और 30 जुलाई को किया जाएगा। अगस्त में हम चयनित अभ्यर्थियों की फाइनल सूची जारी करके उनको नियुक्ति पत्र जारी कर देंगे। गौरतलब है कि हाउसिंग बोर्ड ने साल 2023 में 258 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन मांगे थे। इस पूरी भर्ती प्रक्रिया को भारत की अर्द्ध सरकारी सॉफ्टवेयर कंपनी सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कम्प्यूटिंग (सी-डैक) से करवाया गया है। इसमें आवेदन भरने, एग्जाम करवाने और रिजल्ट बनाकर जारी करने की सारी जिम्मेदारी इसी एजेंसी के पास है।

### सिर्फ 18 लोग ही हुए थे पास

अक्टूबर में रिजल्ट जारी हुआ तो वह काफी चौंकाने वाला था। रिजल्ट में कनिष्ठ सहायक (जूनियर असिस्टेंट) के 50 पदों पर भर्ती के लिए हुई परीक्षा में सिर्फ 18 लोग ही पास हुए। वहीं कनिष्ठ प्रारूपकार (जूनियर ड्राफ्टमैन) के 10 पदों पर करवाई गई। परीक्षा में बोर्ड को केवल 1 ही योग्य अभ्यर्थी मिला। कम्प्यूटर ऑपरेटर (सहायक प्रोग्रामर) के 6 पदों पर 7 अभ्यर्थी, कनिष्ठ परियोजना अभियंता (विद्युत डिग्री) के 11 पदों पर 27 अभ्यर्थी, कनिष्ठ परियोजना अभियंता (सिविल डिग्री) के 40 पदों पर 82 अभ्यर्थी और कनिष्ठ विधि अधिकारी (जूनियर लॉ ऑफिसर) के 9 पदों पर 24 अभ्यर्थी ही परीक्षा में पास हो सके।

**मांग** | यूजीसी नेट रद्द करने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर

# सीबीआई जांच पूरी होने तक रीएग्जाम न कराने का दें निर्देश

**बेधड़क** | जयपुर

यूजीसी नेट परीक्षा रद्द करने के केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में रविवार को एक याचिका दायर की गई है। केंद्र सरकार ने 19 जून को यूजीसी नेट की परीक्षा रद्द कर दी थी। यह परीक्षा रद्द करने से एक दिन पहले यानी 18 जून को हुई थी। याचिका एडवोकेट उज्ज्वल गौर ने दायर की है। पिटीशन में यूजीसी नेट की दोबारा परीक्षा कराने पर तब तक रोक लगाने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है, जब तक कि सीबीआई नेट एग्जाम में हुई गड़बड़ियों की जांच पूरी नहीं कर लेती।

याचिका में कहा गया है, सीबीआई के हालिया निष्कर्षों को ध्यान में रखते हुए फिर से परीक्षा आयोजित करने का निर्णय न केवल मनमाना है, बल्कि अन्यायपूर्ण भी है। इसके अलावा, सीबीआई की जांच से यह तथ्य सामने आया है कि क्वेश्चन पेपर लीक का दावा करने वाले सबूतों के साथ छेड़छाड़ की गई है।




### परीक्षा रद्द करने से छात्रों का भरोसा कम हुआ

याचिका में यह दलील भी दी गई कि नेट परीक्षा को अनावश्यक रद्द करने से उन अभ्यर्थियों को काफी परेशानी हुई, जिन्होंने इस महत्वपूर्ण परीक्षा के लिए कड़ी मेहनत की थी। साथ ही साथ इस निर्णय ने अनगिनत स्टूडेंट्स की एकेडमिक और प्रोफेशनल प्लान्स को बाधित किया है, जिससे एग्जामिनेशन सिस्टम में उनका भरोसा कम हुआ है। याचिका की सुनवाई चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ करेगी।

### 20 जून को सीबीआई को सौंपी गई थी जांच

शिक्षा मंत्रालय में जॉइंट सेक्रेटरी गोविंद जायसवाल ने कहा कि हमें यूजीसी नेट में गड़बड़ी की शिकायत नहीं मिली थी, बल्कि स्टूडेंट के हितों को सुरक्षित रखने के लिए हमने खुद से संज्ञान लिया। जायसवाल ने ये भी कहा कि हमें एग्जाम में गड़बड़ी होने के इनपुट्स मिले थे, जिसके आधार पर हमने इसे रद्द करने का फैसला लिया। इसकी डिटेल हम सार्वजनिक नहीं कर सकते हैं। 20 जून को मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी गई है। अब जल्द ही रीएग्जाम की तारीख का ऐलान किया जाएगा।

### गड़बड़ी के चलते रद्द की गई थी परीक्षा

केंद्र ने 19 जून को यूजीसी नेट की परीक्षा रद्द कर दी। यह परीक्षा दो शिफ्ट में ओएमआर यानी पेन और पेपर मोड में आयोजित की गई थी। 19 जून को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) को परीक्षा के बारे में गृह मंत्रालय के इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर से परीक्षा में गड़बड़ी के इनपुट्स मिले थे। शिक्षा मंत्रालय ने कहा था-हमें संकेत मिले कि परीक्षा कराने में ईमानदारी नहीं बरती गई।

# वीर शासन जयंती: भगवान महावीर का प्रथम दिव्य देशना दिवस



**भागचंद जैन मित्रपुरा**
अध्यक्ष, अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम, जयपुर।

जैन धर्म अनादि, अनंत, शास्वत धर्म है। जैन धर्म के वर्तमान अवसर्पिणी काल के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ थे एवं अन्तिम 24वें तीर्थंकर वर्तमान शासन नायक भगवान महावीर है। भगवान महावीर का जन्म 599 ई० वर्ष पूर्व कुण्डाग्राम ( कुण्डलपुर- वैशाली) वर्तमान बिहार राज्य में चैत्र शुक्ल त्रयोदशी के दिन हुआ था। इनके पिता का नाम राजा सिद्धार्थ एवं माता का नाम रानी त्रिशला (प्रियकारिणी) था। इनके बचपन का नाम वर्धमान था। इन्हें अल्प काल में ही समस्त विद्याएं स्वतः प्राप्त हो गई थी। बालक वर्धमान विद्वान होने के साथ साथ शूरता, वीरता, साहस आदि अनन्य गुणों के आश्रय थे। भगवान महावीर ने 30 वर्ष की आयु में मार्गशीर्ष कृष्णा दशमी के दिन गृह त्याग कर दिया था एवं मुनि दीक्षा गृहण कर ली थी। इसके पश्चात् लगातार 12 वर्ष 5 माह एवं 15 दिन तक तप, संयम एवं साम्य भाव की साधना की और 557 ईसा पूर्व वैशाख शुक्ल दशमी को केवल ज्ञान प्राप्त हुआ । सामान्यतः तीर्थंकर के केवलज्ञान प्राप्ति के तत्काल पश्चात् इन्द्र द्वारा समावशरण की रचना हो जाती है और गणधर की उपस्थिति में तीर्थंकर के सर्वांग से बिना किसी इच्छा या प्रयत्न के ओंकारमयी दिव्य ध्वनि खिरती है, स्वयं निसृत होती है। तीर्थंकर की ध्वनि में जगत के समस्त जीवों के लिए कल्याणकारी उपदेश होता है। भगवान महावीर को केवल ज्ञान प्राप्त होकर समवसरण की रचना हो चुकी थी, किन्तु दिव्यध्वनि नहीं खिर रही थी।

भगवान महावीर के केवल ज्ञान प्राप्ति के बाद ऐसा विशिष्ट प्रसंग बना कि उनके कैवल्य प्राप्ति के समय कोई ऐसा सुयोग्य शिष्य उनके निकट नहीं था, जो कि गणधर का दायित्व निर्वहन कर सके। भगवान महावीर को केवल ज्ञान प्राप्त हुए 66 दिन व्यतीत हो गये, तभी सौधर्म इन्द्र ने समवसरण में गणधर का अभाव समझकर अपने अवधिज्ञान से ''गौतम को योग्य जाना। ''गौतम'' जो मगध देश में ब्राह्मण नाम के नगर में शांडिल्य नाम के ब्राह्मण की दो पत्नी थीं-स्थंडिला और केशरी स्थंडिला में से गौतम और गाग्र्य पुत्र थे तथा केशरी ने भार्गव को जन्म दिया। इन तीनों भाइयों के इन्द्रभूति, अग्निभूति एवं वायुभूति नाम प्रसिद्ध थे। इनमे से इंद्रभूति को इस योग्य जानकर उन्हे अपने तरीके से बुलाने के लिए वृद्ध का रूप बनाया और वहाँ गौतमशाला में पहुँचकर कहा कि "मेरे गुरु इस समय ध्यान में होने से मौन हैं और आप को योग्य जानकर मैं आपके पास एक श्लोक का अर्थ समझने आया हूँ।'' इंद्रभूति को गौतम के नाम से ज्यादा जाना जाता है। गौतम ने विद्या के गर्व से गर्विष्ठ हो पूछा-''यदि मैं इसका अर्थ बता दूँगा तो तुम क्या दोगे?'' तब वृद्ध ने कहा-यदि आप इसका अर्थ कर देंगे, तो मैं सब लोगों के सामने आपका शिष्य हो जाऊंगा और यदि आप अर्थ न बता सके तो इन सब विद्यार्थियों और अपने दोनों भाईयों के साथ आप मेरे गुरु के शिष्य बन जाना।''



> षट्खण्डागम ग्रंथ की नवमी पुस्तक में श्री वीरसेन स्वामी ने लिखा है कि गणधर देवों के सातों ऋद्धियां होती हैं- गणधर देव बुद्धि, तप, विक्रिया, औषधि, रस, बल, अक्षीण, सुस्वरत्वादि तथा अवधि एवं मनःपर्यय ज्ञान से सहित हैं। आज जितना भी जैन वाङ्मय है, वह सब भगवान महावीर की दिव्यध्वनि का ही अंश है। यह श्रावण कृ. एकम तभी से वीरशासन जयंती के नाम से प्रसिद्ध है। जैन शास्त्रों मे इसे युगादि दिवस भी माना गया है। यह धर्म तीर्थ उत्पत्ति का भी प्रथम दिन है।

महा अभिमानी गौतम ने यह शर्त मंजूर कर ली क्योंकि वह समझता था कि मेरे से अधिक विद्वान इस भूतल पर कोई है ही नहीं। तब वृद्ध ने वह काव्य पढ़ा। तब गौतम ने कुछ देर सोचकर कहा- ''ब्राह्मण! तू अपने गुरु के पास ही चल, वहीं मैं इसका अर्थ बताकर तेरे गुरु के साथ वाद-विवाद करूँगा।'' इन्द्र तो चाहता ही यह था। वह वृद्ध वेषधारी इन्द्र गौतम को समवसरण में ले आया। वहाँ मानस्तंभ को देखते ही गौतम का मान गलित हो गया और उसे सम्यक्त्व प्रगट हो गया। गौतम ने अनेक स्तुति करते हुए भगवान के चरणों को नमस्कार किया तथा अपने पाँच सौ शिष्यों और दोनों भाईयों के साथ भगवान के पादमूल में जैनेश्वरी दीक्षा धारण कर ली। अन्तर्मुहूर्त में ही इन गौतम मुनि को सातों ऋद्धियाँ, अवधि और मनःपर्ययज्ञान प्रगट हो गया तथा वे तीर्थंकर महावीर स्वामी के प्रथम गणधर हो गए। उत्तर पुराण में लिखा है- ''तदनन्तर सौधर्मेन्द्र ने मेरी पूजा की और मैंने पाँच सौ ब्राह्मण पुत्रों के साथ श्री वर्धमान भगवान को नमस्कार कर संयम धारण किया। परिणामों की विशेष शुद्धि होने से मुझे उसी समय सात ऋद्धियां प्राप्त हो गई। तदनन्तर भट्टारक वर्धमान स्वामी के उपदेश से मुझे श्रावण वदी प्रतिपदा के दिन पूर्वान्ह काल में समस्त अंगों के अर्थ तथा पदों का भी स्पष्ट बोध हो गया। पुनः चार ज्ञान से सहित मैंने रात्रि के पूर्व भाग में अंगों की तथा रात्रि के पिछले भाग में पूर्वों की रचना की। ''जिस दिन भगवान महावीर स्वामी को निर्वाण प्राप्त होगा, उसी दिन मैं केवलज्ञान प्राप्त करूंगा।"

इससे पूर्व गणधर के अभाव में भगवान महावीर की दिव्यध्वनि नहीं खिरी थी। इनके दीक्षा लेते ही प्रभु की दिव्यध्वनि खिरने लगी। उस दिन श्रावण कृष्णा प्रतिपदा थी प्रातःकाल गौतम स्वामी ने दीक्षा ली, प्रभु की दिव्यध्वनि खिरी। उसी दिन रात्रि में भगवान महावीर गौतम गणधर देव ने ग्यारह अंग-चौदह पूर्वों की रचना कर दी। आज से पच्चीस सौ अस्सी वर्ष पूर्व राजगृही के विपुलाचल पर्वत पर श्रावण कृष्णा प्रतिपदा के दिन भगवान महावीर स्वामी की प्रथम दिव्यध्वनि खिरी थी अतः यही पवित्र दिन ''वीर शासन जयंती'' पर्व के नाम से प्रसिद्धि को प्राप्त है, क्योंकि तब से लेकर आज तक भगवान महावीर का ही शासन चला आ रहा है।

***(ये लेखक के निजी विचार हैं)***

## सनातन संस्कृति का सबसे पवित्र व शुभ महीना

# श्रावण मास... और शिव की महिमा



**प्रमोद भार्गव**
वरिष्ठ साहित्यकार व पत्रकार

> उत्तराखंड में केदारनाथ मंदिर हिमालय में मंदाकिनी नदी के निकट है। इस मंदिर के निकट ही चार प्रमुख धार्मिक स्थल यमुनोत्री, गंगोत्री और बद्रीनाथ हैं। यहां स्थित गोरीकुंड से 14 किमी की चढ़ाई करने पर दुनिया के सबसे ऊंचे शिखर पर स्थित तुंगनाथ शिव मंदिर है। लोग 3810 मीटर की यह ऊंचाई बम-बम भोले का नाम लेते हुए चढ़ते हैं।

भारत में श्रावण मास ऐसा महीना है, जिसमें पूरे माह भगवान शिव की आराधना की जाती है। सनातन संस्कृति में इसे सबसे शुभ महीना माना जाता है। इस समय ब्रह्मांड में शिव तत्वों की व्याप्ति हो जाती है। ऐसे में शिव की पूजा यदि अनुष्ठानों के माध्यम से की जाती हैं तो शरीर, इंद्रिय और आत्मा शुद्ध बनी रहती है। काल गणना के सौर वर्ष के अनुसार यह पांचवां महीना है। इस माह की विशेषता यह भी है कि इस माह के समाप्त होने के बाद निरंतर पर्वों का सिलसिला शुरू हो जाता है। रक्षाबंधन, कृष्ण जन्माष्टमी, श्री गणेश महोत्सव, शारदीय नवरात्रि, दशहरा और फिर दीपावली। इस समय लोग स्थानीय शिव मंदिरों में तो पूजा करते ही हैं, बारह ज्योतिर्लिंगों पर भी पूजा करने जाते हैं। शिव की महिमा इसलिए है, क्योंकि उन्हें ब्रह्म माना जाता है।

उनका अस्तित्व प्रत्येक उस प्राणी में माना जाता है, जिसका अस्तित्व है। जब पृथ्वी पर कुछ भी नहीं था, तब भी शिव थे। अतएव उन्हें आदिदेव कहा जाता है। आदिदेव से तात्पर्य है, सर्वोच्च ईश्वर। इसलिए श्रद्धालु सभी ज्योतिर्लिंगों पर दर्शन करने जाते हैं। झारखंड में बाबा बैद्यनाथ धाम पवित्र स्थानों में से एक माना जाता है। श्रावण के महीने में यहां एक मेला आयोजित होता है, जिसे श्रावण मेला कहते हैं। अनेक श्रद्धालु यहां नंगे पैर चलकर आते हैं और शिवलिंग पर गंगाजल अर्पित करते है। महाराष्ट्र का त्र्यंबकेश्वर मंदिर में शिवलिंग पर तीन चेहरे उत्कीर्ण हैं, जिनमें ब्रह्मा, विष्णु और रुद्र विराजमान हैं। ऋग्वेद में रुद्र को शिव ही कहा गया है। गुजरात में सोमनाथ मंदिर भी ज्योर्तिलिंग हैं। श्रावण महीने में यह मंदिर सुबह 4 बजे खुलता है और रात 10 बजे कपाट बंद होते है। पूरे भारत से यहां भक्त आते हैं। उत्तराखंड में केदारनाथ मंदिर हिमालय में मंदाकिनी नदी के निकट है। इस मंदिर के निकट ही चार प्रमुख धार्मिक स्थल यमुनोत्री, गंगोत्री और बद्रीनाथ हैं। यहां स्थित गोरीकुंड से 14 किमी की चढ़ाई करने पर दुनिया के सबसे ऊंचे शिखर पर स्थित तुंगनाथ शिव मंदिर है। लोग 3810 मीटर की यह ऊंचाई बम-बम भोले का नाम लेते हुए चढ़ते हैं। वाराणसी में प्रसिद्ध काशी विश्वनाथ मंदिर गंगा नदी के तट पर स्थित है। यह मंदिर ब्रह्मांड के शासक भगवान विश्वनाथ को समर्पित है। इस मंदिर से साढ़े तीन हजार साल पुराना इतिहास जुड़ा है। श्रावण महीने में इस मंदिर पर भव्य उत्सव मनाने के साथ भगवान को नए-नए अभूशणों से सजाया जाता है। ओडिसा की राजधानी भुवनेश्वर में लिंगराज मंदिर है। श्रावण महीने में यहां भी बड़ा समारोह आयोजित करके शिव की पूजा की जाती है।





मध्य प्रदेश में ओंकारेश्वर ज्योर्तिलिंग है। नर्मदा नदी के तट पर स्थित यहां जो पहाड़ है, वह ओम के आकार का है। इसलिए इसे ओंकारेश्वर शिव मंदिर कहा जाता है। शंकराचार्य ने इसी पर्वत पर आराधना करके ज्ञान की प्राप्ति की थी। आंध्र प्रदेश में मल्लिकार्जुन मंदिर श्रीशैलम जिले में स्थित है। इसकी गिनती भी ज्योतिर्लिंगों में है। इस मंदिर परिसर की पहाड़ियों की दीवारों पर शिव के अनेक नयनाभिराम चित्र अंकित है। उज्जैन में भगवान महाकाल के नाम से प्रसिद्ध ज्योर्तिलिंग हैं। क्षिप्रा नदी के किनारे स्थित इस मंदिर को पृथ्वी का केंद्र बिंदु माना जाता है। क्योंकि यहां से कर्क और भूमध्य रेखाएं परस्पर काटते हुए निकलती हैं। इसलिए यह कालगणना का भी प्राचीन केंद्र है। मुनि सांदीपनि का यहां आश्रम है। भगवान कृष्ण और बलराम ने इसी आश्रम से शिक्षा प्राप्त की थी। कर्नाटक में मुरुदेश्वर मंदिर है। यह अरब सागर के उत्तरी किनारे पर स्थित है। यहां शिवलिंग मंदिर के अलावा भगवान शिव की 123 फीट ऊंची शिव की प्रतिमा है। असम में सुकरेश्वर शिव मंदिर है। इसे राजा प्रमत्त सिंघा ने बनवाया था। पश्चिम बंगाल में तारकनाथ शिव मंदिर है। यह मंदिर भगवान शिव को समर्पित है। महाराष्ट्र के पुणे के निकट भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग है। महाराष्ट्र में ही घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंग है। यहां महाशिवरात्रि पर विशेष आयोजन होते है। यहां बारह स्थानों पर स्थित शिव ज्योति स्वरूप में स्थापित हैं। गुजरात में द्वारका के निकट नागेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर है। शिव-पुराण के अनुसार शिव का एक नाम नागेश है, इसलिए इसे नागेश्वर कहा जाता है। तमिलनाडु में रामेश्वरम ज्योतिर्लिंग है। त्रेतायुग में भगवान राम ने रावण वध के बाद यही रुके थे और समुद्र तट पर बालू से शिवलिंग बनाकर उसकी पूजा की थी। बाद में यह शिवलिंग वज्र के समान हो गया। इसे ही रामेश्वरम कहा जाने लगा। अतएव श्रावण का महीना ईश्वर की पूजा-अर्चना की दृष्टि से बारह महीनों में सर्वश्रेष्ठ माना जाता है।

अयोध्या में भागवान राम की प्राण-प्रतिष्ठा के साथ ही देश के मंदिरों में धार्मिक पर्यटन कई लाख करोड़ की अर्थव्यवस्था का आधार बन रहा है। भक्ति का यह व्यापार 10 से 15 प्रतिशत की वार्शिक दर से बढ़ रहा है। यहां तक की कई राज्यों में प्रमुख मंदिरों की आर्थिकी उस राज्य के कुल वार्शिक बजट से भी कहीं अधिक है। भारत में धनी मंदिरों की बात करें तो तिरुवनंतपुरम में स्थित पद्मनाभ स्वामी मंदिर के खजाने में हीरे, सोने और चांदी के गहनों समेत इन्हीं धातुओं की अनेक मूर्तियां हैं। माना जाता है मंदिर के पास 20 अरब डॉलर की संपत्ति है। मंदिर के गर्भगृह में 500 करोड़ रुपए की भगवान विश्णु की मूर्ति है। इस मंदिर के बाद तिरुपति बलाजी मंदिर सबसे धनी मंदिर है। यहां 680 करोड़ रुपए प्रतिवर्ष दान में मिलते हैं। इस विष्णु मंदिर के पास नौ टन सोना है और 14000 करोड़ रुपए बैंक में सावधि योजनाओं में जमा है। तीसरे नंबर पर शिरडी का साईं बाबा मंदिर है। यहां सालभर में 380 करोड़ रुपए दान में आते हैं, इसके अलावा मंदिर के पास 460 किलो सोना, 5428 किलो चांदी और डॉलर-पाउण्ड जैसी अंतरराष्ट्रीय मुद्रा को मिलाकर 18000 करोड़ रुपए बैंकों में जमा है।

52 शक्ति पीठों में एक माता वैष्णो देवी मंदिर में प्रतिवर्ष 500 करोड़ दान में आते हैं। उज्जैन के महाकाल मंदिर में लगभग 100 करोड़ रुपए प्रतिवर्ष दान में आते हैं। मंदिर के पास 34 लाख का सोना और 88 लाख 68 हजार की चांदी है। तमिलनाडू के मीनाक्षी मंदिर की प्रतिवर्ष सालाना कमाई छह करोड़ रुपया है। इनमें से ज्यादातर मंदिर भक्तों के लिए निशुल्क भोजन के अलावा शिक्षा, स्वास्थ्य, जल प्रबंध और सड़क निर्माण के प्रकल्प चलाते हैं। आपदा आने पर सरकारी राहत कोष में योगदान भी करते हैं। यदि ईश्वर दर्शन के इस धार्मिक पर्यटन में विवाह और दीपावली जैसे पर्व की आर्थिकी को भी जोड़ दिया जाए तो यह आर्थिकी कई लाख करोड़ की होगी? अतएव मर्यादा पुरुशोत्तम राम और कृश्ण की महिमा नैतिकता के प्रतिमान और मानवता के चरम आदर्श व उत्कर्श से जुड़ी तो है ही, अब बड़ी आर्थिकी का भी आधार बन गई है। गोया यह धार्मिक पर्यटन का भक्तिकाल तो है ही, देश की अर्थव्यवस्था को नूतन व निरंतर बनाए रखने का भी बड़ा आयाम बनता दिखाई दे रहा है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## कविता



कवि
**सुनील कुमार महला**

# सावन और शिव

*बम बम भोले,बम बम भोले, शंकर जटाधारी।*
*बम बम भोले,बम बम भोले, नंदी की सवारी।।*
*सावन का महीना, शिव भोले को प्यारा।*
*बरसे मेघ, बारिश का मौसम है न्यारा-न्यारा।।*
*त्रिपुरारी कर त्रिशूल सोहे,कंठन विष प्याला।*
*शिव है भोला भाला, शिव हैं*
*निराला,मतवाला।।*

*कालों का काल , शिव महाकाल,*
*रूप धारण करे विकराल।*
*नैन खुल जाये जब तृतीय,*
*तांडव नृत्य से शिव करे धमाल।।*

*गले सर्प का हार,भक्तों की हैं ढाल।*
*जटा में गंगा बिराजै, डमरू करे कमाल।।*
*तन भस्म रमायै,*
*शिव तो सृष्टि कण कण में समाये।*
*अर्धनारीश्वर रूप भक्तन को सदा सुहाये।।*
*उमापति की महिमा अपरम्पार, भक्तन*
*आशीर्वाद बरसे।*

*आ जाओ प्रभु अब तो ,*
*नैनन तुम्हारे दर्शन को कब से तरसे।।*
*आदि भी हैं और अंत भी,*
*विघ्न विनाशक मंगल कारी।*

*शिवरात्रि का त्योहार, कृपा बरसाये त्रिपुरारी।।*
*तुम करूणा करतार,*
*तुम कैलाशी, तुम परवरदिगार।*
*तुम अविनाशी, सुख के सागर,*
*तुम शिवरात्रि पर्व की बहार।।*

*तुम अनन्त, तुम निर्गुण, तुम साकार निराकार।*
*तुम केदार, तुम सोमनाथ, तुम हो अवतार।।*
*तुम पार्वती पति,तुम हो ओंकार,*
*तुम ही परमेश्वर। तुम मल्लिकार्जुन,*
*तुम भूतनाथ, तुम ही त्र्यम्बकेश्वर।।*

*तुम महेश, तुम मंगलमय, तुम अतिपावन।*
*तुम दाता,तुम सत्य सनातन,तुम मन भावन।।*
*तुम योगी,तुम कृपालु, तुम ही हो दयामय।*
*तुम पाप हारणहारी, तुम विनय, तुम ही*
*अनुनय।।*

*हे नीलकंठ ! हे उमारमण! हे भोलेशंकर!*
*अब तो आ जाओ एकबार।*
*दे दो दर्शन इस दीन दुःखी को,*
*हो कर नंदी पर सवार।।*

## गायक मुकेश की जयंती आज

# बेहद असरदार हैं मुकेश के 'प्रेम गीत'



**मुकेश पोपली**
वरिष्ठ साहित्यकार

> राहुल देव बर्मन के संगीत का एक अलग ही रुतबा है लेकिन 'फिर कब मिलोगी' का गीत 'कहीं करती होगी.......' जैसा गीत मुकेश की आवाज़ में रिकॉर्ड किया तो यह सीधे लोगों के दिल में उतर गया।

22 जुलाई को दिल्ली में जन्मे मुकेश को फिल्मी दुनिया में दर्द भरी आवाज़ का मालिक माना जाता रहा। उनकी आवाज़ से छलकता दर्द किसी भी दुखी इनसान को अपना दर्द लगता था। बहुत से संगीतकार मुकेश की आवाज़ को इसलिए पसंद करते थे क्योंकि उनकी आवाज़ में एक 'थ्रो' था जो किसी भी सुनने वाले के दिल में सीधे उतर जाता था। इसी विशेषता को लेकर बहुत से संगीतकारों ने उन्हें चंचलता से परिपूर्ण गीत भी गाने के लिए दिए। मुकेश ने चाहे कितने ही दर्दीले गीत गाकर सुर्खियां बटोरी लेकिन उनकी आवाज़ से सजे बहुत से गीतों में प्रेम की अभिव्यक्ति का भी श्रोताओं पर असर हमेशा बना रहा, फिर चाहे वो एकल गीत हों या युगल गीत।

याद कीजिए, हिंदी सिनेमा का वो स्वर्णकाल जब बहुत से लोग गीतों के लिए भी फ़िल्म देखने जाया करते थे। वर्ष 1949 की महान फ़िल्म 'अंदाज़' में पियानो पर दिलीप कुमार जब 'हम आज कहीं दिल खो बैठे.......' गाते हैं तो नरगिस की अदाएं देखते ही बनती हैं।



ऐसा ही कुछ अंदाज़ 'तू कहे अगर.......' गीत में भी है। नौशाद के संगीतबद्ध किए इन गीतों को मजरूह सुलतानपुरी ने रचा था।

संगीतकार शंकर जयकिशन और गीतकार शैलेंद्र और हसरत जयपुरी को लेकर जब राजकपूर ने 'बरसात' (1949) का निर्माण किया तो वहाँ गायक मुकेश की भी आवाज़ ली गई। उसके बाद तो मुकेश राजकपूर की ही आवाज़ बन गए। राजकपूर पर फिल्माए गए ग़म भरे गीतों के साथ-साथ शंकर जयकिशन की जोड़ी ने उन्हीं पर फिल्माए गए प्रेम गीतों में भी मुकेश की आवाज़ इस तरह से रिकॉर्ड की कि मुकेश उनके रोमांटिक गीतों की भी मुख्य आवाज़ बन गए। 'दम भर जो उधर मुंह फेरे.......', (आवारा), 'जाने ना नज़र.......' (आह), 'वो चाँद खिला.......', 'दिल की नज़र से.......(अनाड़ी), 'ओ शमा मुझे फूँक दे.......', 'मेहताब तेरा चेहरा.......', 'मैं आशिक हूँ.......' और 'तुम जो हमारे.......' (आशिक), 'चले जाना.......' (अराउंड द वर्ल्ड), 'इचक दाना.......' (श्री 420), 'किसी नर्गिसी नज़र.......', 'नज़र नज़र से.......' (मैं नशे में हूँ), 'बोल राधा बोल.......' (संगम), 'हम भी हैं.......', 'बेगानी शादी में.......' (जिस देश में गंगा बहती है), 'ए सनम जिसने.......' (दीवाना), 'रुक जा ओ जाने वाली.......' (कन्हैया) जैसे गीतों में राजकपूर के लिए शंकर जयकिशन ने मुकेश की आवाज़ ली। शंकर जयकिशन ने मुकेश को अन्य कलाकारों के लिए भी कुछ रोमांटिक गीत दिए और मुकेश ने इन गीतों के साथ पूरा न्याय किया जैसे 'तुम रूठी रहो.......' (आस का पंछी), 'आया न हमको.......' (पहचान), 'ये मेरा दीवानापन.......' (यहूदी), 'दुनिया वालों से दूर.......' (उजाला), 'अल्लाह जाने क्या होगा.......' (हरियाली और रास्ता), 'मैं राही भटकने.......' (बादल), 'मतवाली नार.......' (एक फूल चार कांटे), 'जाना तुम्हारे प्यार में.......' (ससुराल) आदि गीत। संगीतकारों में दूसरी प्रमुख जोड़ी लक्ष्मीकांत प्यारेलाल द्वारा संगीतबद्ध किया गया 'सावन का महीना.......' वो गीत है जो 1967 की बिनाका गीत माला में प्रथम पायदान पर रहा। इसी जोड़ी के कुछ और लाजवाब गीतों को मुकेश ने जब आवाज़ दी तो इन गीतों की चमक बढ़ गई और यह सुनने वालों के दिलों में स्थायी रूप से बस गए। याद कीजिए, मुकेश और लता मंगेशकर का युगल गीत, 'महबूब मेरे.......' (पत्थर के सनम), इसी तरह इन्हीं आवाज़ों में 'धरती कहे पुकार के' का रोमांटिक गीत, 'जे हम तुम चोरी से.......।'

***(ये लेखक के निजी विचार हैं)***

X



**नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री
@narendramodi
यह बेहद खुशी और गर्व की बात है कि भारत ने अंतर्राष्ट्रीय गणित ओलंपियाड में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए चौथा स्थान प्राप्त किया है। हमारे दल ने 4 स्वर्ण और एक रजत पदक अपने नाम किया है। यह उपलब्धि कई अन्य युवाओं को प्रेरित करेगी और गणित को और भी लोकप्रिय बनाने में मदद करेगी।



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
गुरु पूर्णिमा के पावन उपलक्ष्य पर लुधावई स्थित बडा हनुमान जी मन्दिर में दर्शन पूजन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस शुभ अवसर पर मंदिर में पूज्य गुरुवर का पावन सानिध्य प्राप्त कर समस्त प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि व मंगलमय जीवन हेतु प्रार्थना की।

महाराष्ट्र में भाजपा के नए दांव से शिवसेना (शिंदे) व राकांपा (अजित गुट) में खलबली, बढ़ सकती है रार

# भाजपा की नई रणनीति, बिना सीएम फेस के चुनाव लड़ेगा महायुति!

**एजेंसी** | मुंबई

महाराष्ट्र में इस साल होने वाले विधानसभा चुनावों में भाजपा किसी भी नेता को सीएम चेहरे के रूप में पेश किए जाने के पक्ष में नहीं है। भाजपा के रणनीतिकार इस बात के पक्ष में हैं कि सत्तारूढ़ गठबंधन महायुति बिना सीएम चेहरे के चुनाव लड़े। पार्टी को उम्मीद है कि वह निश्चित तौर पर 100 से ज्यादा सीटें जीतेगी और इसके साथ ही मुख्यमंत्री के पद पर उसका स्वाभाविक दावा होगा। भाजपा की इस रणनीति से शिवसेना (शिंदे) व एनसीपी(अजित पवार) खेमे में हलचल मच हुई है। सूत्रों के अनुसार भाजपा के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने दावा किया है कि पार्टी राज्य की कुल 288 सीटों में से कम से कम 160 सीटों पर दावा ठोकेगी। भाजपा नेता ने बताया कि काफी सोच-विचार के बाद यह फैसला लिया गया है कि महायुति एकनाथ शिंदे, देवेंद्र फडणवीस या अजित पवार को मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में पेश नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि नए मुख्यमंत्री पर फैसला विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद लिया जाएगा। सूत्रों के अनुसार भाजपा ने हाल ही में मध्य प्रदेश , राजस्थान और छत्तीसगढ़ में हुए विधानसभा चुनावों में भाजपा ने किसी भी नेता को भावी सीएम के रूप में पेश नहीं किया था। पार्टी महाराष्ट्र में भी यही प्रक्रिया अपनाना चाहती है। हमें यकीन है कि हम 100 से ज्यादा सीटें जीतेंगे और उसके बाद ही हम सीएम पद पर दावा करेंगे।



### कम विधायक पर शिंदे हैं सीएम

अभी 288 सीटों वाली महाराष्ट्र विधानसभा में भाजपा के पास उसके सहयोगी निर्दलीय विधायकों को मिलाकर 114 एमएलए का समर्थन है। जबकि, महायुति सरकार को इसके अलावा एनसीपी अजित पवार के 42 और शिवसेना शिंदे के 39 विधायकों का समर्थन है। फिर भी, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे हैं, जिनके पास गठबंधन में सबसे कम विधायक हैं।

### लोस चुनाव में महायुति को लगा है झटका

लोकसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति को महाराष्ट्र में बड़ा झटका लगा था। गठबंधन को केवल 17 सीटें मिली हैं, जबकि विपक्षी गठबंधन इंडिया को 30 सीटें मिली हैं। महायुति में भाजपा, शिवसेना का एकनाथ शिंदे गुट और राकांपा का अजित पवार गुट शामिल है। दूसरी ओर, विपक्षी गठबंधन इंडिया के अंतर्गत आने वाले महा विकास अघाड़ी में कांग्रेस, शिवसेना (यूबीटीर) और राकांपा (शरद पवार) प्रमुख पार्टियां हैं।

### सीएम पद पर समझौता नहीं: शिवसेना (शिंदे)

शिवसेना (शिंदे) ने कहा था कि चूंकि एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में शिवसेना में हुए विद्रोह के बाद महायुति सरकार बनी थी, इसलिए पार्टी चाहे जितनी भी सीटें जीते, शिंदे ही सीएम होंगे। शिवसेना (शिंदे) के एक पदाधिकारी ने कहा कि सीएम पद पर कोई समझौता नहीं होगा, शिंदे सीएम बने रहेंगे।

### NCP 100 सीटों पर ठोकेगी दावा

वहीं राकांपा (अजित पवार)का कहना कि उनकी पार्टी 100 सीटों पर दावा करेगी और शिवसेना भी इतनी ही सीटों की मांग करेगी। दोनों पार्टियां 100-100 सीटों की मांग कर रहे हैं, हमें उम्मीद है कि 80-80 सीटों पर समझौता हो जाएगा। पार्टी के एक पदाधिकारी ने कहा कि सीट बंटवारे के फॉर्मूले पर अंतिम फैसला केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में नई दिल्ली में लिया जाएगा।

---

### खरगे का केंद्र पर रेलवे को कमजोर करने का आरोप



**बेंगलुरु।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने हालिया ट्रेन दुर्घटनाओं को लेकर रेलवे और सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि रेलवे एक कमजोर विभाग है, इसलिए लगातार हादसे हो रहे हैं। खरगे ने हादसे के लिए रेलवे में रिक्त पड़े पदों को भी बड़ी वजह बताते हुए कहा कि तकनीकी पद नहीं भरे गए तो स्वाभाविक रूप से रेलवे कमजोर हो जाएगा। खरगे ने कहा, रेलवे विभाग को समय पर पैसा नहीं मिल रहा है। जब रेलवे का वित्त विभाग में विलय नहीं हुआ था, तब वह अपने दम पर काम करती थी और जब भी उन्हें किसी चीज की जरूरत होती थी तो वे केंद्र सरकार से इसके लिए कहते थे। सैकड़ों लोग मर गए हैं, सरकार को इस बारे में सोचना चाहिए, अन्यथा जनता उन्हें सबक सिखाएगी।'

### बिहार विधानमंडल का मानसून सत्र आज से

**पटना।** बिहार विधानमंडल का मानसून सत्र सोमवार को शुरू होगा। शुक्रवार तक चलने वाले पांच दिनों के इस सत्र को लेकर सत्तापक्ष और विपक्ष पूरी तरह से तैयार है। एक तरफ विपक्षी दलों ने सरकार को विभिन्न मुद्दों पर घेरने और सवालों को लेकर अपनी तैयारी की है। वहीं, सत्तापक्ष भी विपक्षी सदस्यों के हर सवाल का जवाब देने और सरकार की उपलब्धियों को सदन में रखने के लिए मुस्तैद है। भाजपा और जेडीयू ने विधायक दल की बैठकें बुलाई हैं। साथ ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को पहले दिन के सत्र के बाद एनडीए विधायक दल की बैठक भी होगी। सोमवार से सत्र के पहले ही दिन वित्तीय वर्ष 2024-25 का पहला अनुपूरक बजट पेश किया जाएगा। इस सत्र के दौरान कई विधेयक भी पारित किए जाएंगे।

संसद सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक में रही विभिन्न मुद्दों की गूंज... ये रखीं गई मांगे

# आंध्र, बिहार व ओडिशा को दें विशेष दर्जा, कांग्रेस ने मांगा डिप्टी स्पीकर पद

■ नीट यूजी विवाद व कांवड़ यात्रा को लेकर भी विपक्षी दलों ने पूछे सवाल

**एजेंसी** | नई दिल्ली

संसद के आगामी बजट सत्र की तैयारियों के लिए सरकार ने रविवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक दौरान कई पार्टियों ने सरकार के सामने ऐसे मुद्दे उठाए कि यह मानसून सत्र से ज्यादा पार्टियों की मांगें सुर्खियां बन गई हैं। बैठक में विपक्ष ने जोरदार तरीके से अपने मुद्दों को रखा। बैठक में उठाए गए मुद्दों के मद्देनजर संसद सत्र के हंगामेदार रहने के आसार बढ़ गए हैं। बैठक में वाईएसआर कांग्रेस पार्टी ने आंध्र प्रदेश को, बीजद ने ओडिशा और जदयू ने बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग की। वहीं, कांग्रेस पार्टी ने डिप्टी स्पीकर पद की मांग की। इसके साथ ही पार्टी ने नीट यूजी विवाद और कांवड़ यात्रा को लेकर उत्तरप्रदेश सरकार के फैसले पर भी सवाल उठाते हुए केंद्र सरकार से सवाल पूछे।

कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने नीट यूजी के साथ-साथ एजेंसियों के दुरुपयोग का मामला भी उठाया। गोगई ने कहा कि एजेंसियां केवल विपक्षी नेताओं को परेशान करने के लिए छोड़ रखी हैं। भाजपा या राजग में जो शामिल हो जाता है तो फिर उसके पीछे एजेंसियां नहीं जाती।



### सपा ने उठाया कांवड़ यात्रा का मामला

समाजवादी पार्टी के नेता रामगोपाल यादव ने उत्तर प्रदेश में योगी सरकार द्वारा दुकानदारों को अपनी दुकान पर नाम लिखने के लिए दिए गए आदेश के खिलाफ आवाज उठाई। उन्होंने कहा कि सरकार उनके नाम लिखवाकर आखिर क्या साबित करना चाहती है।

### विपक्ष को संसद में बोलने दे सरकार: गौरव गोगोई

केंद्रीय संसदीय मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने जब संसद सत्र को सुचारू रूप से चलाने के लिए सभी पार्टियों से सहयोग मांगा तो कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने कहा कि संसद में विपक्ष के नेताओं को अपने मुद्दे उठाने देना चाहिए। वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने टीडीपी सरकार के द्वारा उनके लोगों को जबर्दस्ती टारगेट करने का आरोप लगाया।

### ईडी-सीबीआई का खुलेआम दुरुपयोग : संजय सिंह

आप सांसद संजय सिंह ने कहा, ईडी और सीबीआई का खुलेआम दुरुपयोग हो रहा है, केजरीवाल को जेल में रखा गया है। मैंने ये पूरा मामला उठाया, हमारे दो मंत्रियों को गिरफ्तार करके जेल में रखा गया है, मैंने वो मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा, उत्तर प्रदेश में कांवड़ यात्रा के दौरान नामपट्टिका लगाने का मामला भारत के संविधान के खिलाफ है। ये इस देश के दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों, अल्पसंख्यकों के खिलाफ है।

### YSR कांग्रेस पार्टी ने की राष्ट्रपति शासन की मांग

बैठक के बाद वाईएसआर कांग्रेस पार्टी सांसद विजय साई रेड्डी ने कहा, सर्वदलीय बैठक में वाईएसआरसीपी ने आठ मुद्दे उठाए हैं। हमने आंध्र प्रदेश के लिए विशेष श्रेणी का दर्जा मांगा है। राज्य को मिलने वाले करों में भी वृद्धि करने की मांग की गई है। हम विशाखापत्तनम स्टील प्लांट के निजीकरण का विरोध कर रहे हैं। दक्षिण तटीय रेलवे जोन के लिए भूमि आवंटित की जानी चाहिए। उन्होंने आंध्र प्रदेश में कानून व्यवस्था के बिगड़ने के आरोप लगाते हुए केंद्र सरकार से राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की। है।

**ये मौजूद थे बैठक में**

भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा, कांग्रेस नेता गौरव गोगोई, चिराग पासवान, असदुद्दीन औवेसी, राजद के अभय कुशवाहा, आप के संजय सिंह, समाजवादी पार्टी के रामगोपाल यादव इस बैठक में शामिल हुए। वहीं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इसकी अध्यक्षता की।

### विशेष राज्य के दर्जे पर टीडीपी रही मौन: जयराम रमेश

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर एक पोस्ट में दावा किया कि टीडीपी ने आंध्रप्रदेश के लिए स्पेशल स्टेटस की मांग नहीं की, जबकि नीतीश कुमार की पार्टी ने बिहार के लिए स्पेशल स्टेटस की मांग रखी। जगन मोहन रेड्डी की पार्टीवाईएसआर कांग्रेस पार्टी ने आंध्र प्रदेश को स्पेशल स्टेटस देने की मांग रखी लेकिन टीडीपी इस मुद्दे पर खामोश रही। जयराम रमेश ने दावा किया कि बैठक के दौरान बीजद ने सरकार को याद दिलाया कि भाजपा ने 2014 के घोषणा पत्र में ओडिशा को विशेष राज्य का दर्जा देने का एलान किया था।



कावड़ यात्रा: नेमप्लेट पर सियासत गरमाई

# तो क्या अब कुर्ते पर भी नाम लिखवा लें: जयंत चौधरी

**एजेंसी** | लखनऊ

उत्तर प्रदेश में कांवड़ यात्रा के मार्गों पर मौजूद दुकानों के सामने नेमप्लेट लगाने के आदेश के बाद राज्य में सियासत गरमा गई है। राज्य की योगी आदित्यनाथ सरकार अपने सहयोगी दलों के ही निशाने पर आ गई है। केंद्रीय मंत्री व आरएलडी के अध्यक्ष जयंत चौधरी ने इस मामले को लेकर अपना विरोध जताया। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि क्या अब कुर्ते पर भी नाम लिखवा लें? जयंत ने कहा कि कांवड़ यात्री जाति और धर्म देखकर किसी दुकान पर सेवा नहीं लेता है। इस मुद्दे को धर्म से नहीं जोड़ा जाना चाहिए। मुझे लगता है कि ज्यादा समझकर फैसला नहीं लिया गया है। अब फैसला हो गया तो सरकार उस पर टिकी हुई है। सरकार में कभी-कभी ऐसा हो जाता है। मगर, अभी समय है और सरकार को फैसला वापस ले लेना चाहिए।

जयंत चौधरी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि 'सब प्रतिष्ठान अपना नाम लिखें, यह सही नहीं है। आखिर मैकडॉनल्ड क्या लिखेगा। खतौली में बर्गर किंग की दुकान है तो वो क्या लिखेगा। सरकार या तो फैसला वापस ले या फिर प्रशासन इस पर कोई जोर न दे। जो दुकानदार अपनी मर्जी से नेमपलेट लगाना चाहें, वहीं लगाएं। हालांकि, मैं ऐसा देख रहा हूं कि कहीं प्रशासन की ओर से दुकानदारों पर जोर-जबरदस्ती नहीं की जा रही है। इस दौरान चौधरी से एक सवाल के जवाब में कहा कि कहा, आखिर कहां-कहां नाम लगाओगे। क्या अब कुर्ते पर भी लिखवाना शुरू करेंगे कि किससे हाथ मिलाना है और किसे गले लगाना है।' गौरतलब है कि मुजफ्फरनगर जिला पुलिस ने कांवड़ यात्रा मार्ग पर खाने-पीने की सभी दुकानों पर मालिकों का नाम प्रदर्शित करने का आदेश जारी किया है।



### सुप्रीम कोर्ट में पहुंचा मामला

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश सरकार के उस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है जिसमें राज्य सरकार ने यूपी में कांवड़ यात्रा के दौरान दुकानों के मालिकों को अपने नाम लिखने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट इस मामले में सोमवार को सुनवाई करेगा। सुप्रीम कोर्ट में एनजीओ असोसिएशन ऑफ प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स की ओर से अर्जी दाखिल कर यूपी सरकार के हाल के फैसले को चुनौती दी गई है। यूपी में कांवड यात्रा के दौरान दुकानदारों को अपने नाम दुकान पर प्रदर्शित करने के लिए कहा गया है।। यूपी सरकार ने कहा है कि यह फैसला कानून व व्यवस्था के हित में लिया गया है।

पुणे में भाजपा के राज्य सम्मेलन में तीखे सियासी प्रहार

## शरद पवार भ्रष्टाचार के सरदार: अमित शाह

■ उद्धव ठाकरे को बताया औरंगजेब फैन क्लब का नेता

**एजेंसी** | पुणे

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को महाराष्ट्र के दो प्रमुख विपक्षी नेताओं शरद पवार और उद्धव ठाकरे पर तीखा हमला बोला। उन्होंने शरद पवार को भ्रष्टाचार का सरदार और उद्धव ठाकरे को औरंगजेब फैन क्लब का नेता बताया। उन्होंने यहां भाजपा के राज्य सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भाजपा नीत गठबंधन 2014 और 2019 से बेहतर प्रदर्शन करेगी। शाह ने कहा, मैं आज कहने आया हूं कि 60 वर्ष के बाद पहली बार देश में किसी नेता को तीसरी बार प्रधानमंत्री की शपथ लेने का यश मिला है, तो वे नरेंद्र मोदी हैं। हमने 2024 में महाराष्ट्र में बड़ी जीत हासिल करनी है। विपक्ष ने देश में भ्रांति फैलाने का काम किया है। इस दौरान शाह ने महाराष्ट्र के लोगों के कल्याण को कई योजनाएं शुरू करने के लिए राज्य की भाजपा नीत महायुति (एनडीए) सरकार की भी प्रशंसा की।



सीएम मोहन चरन माझी का आश्वासन

## नहीं बदलेगा खेल पुरस्कार का नाम

**एजेंसी** | भुवनेश्वर

मुख्यमंत्री मोहन चरन माझी ने रविवार को कहा कि ओडिशा सरकार बीजू पटनायक खेल पुरस्कार का नाम नहीं बदलेगी। उन्होंने कहा कि पुरस्कार से बीजू पटनायक का नाम हटाने का फैसला अनौपचारिक है। शुक्रवार को खेल और युवा सेवा विभाग ने अवार्ड का नाम राज्य क्रीडा सम्मान किए जाने को लेकर गाइडलाइन जारी की थी। सीएम माझी ने कहा कि हमारी सरकार धरती पुत्रों का सम्मान करती है। इसलिए बीजू पटनायक खेल पुरस्कार के नाम में कोई बदलाव नहीं होगा। बीजू पटनायक का राज्य और देश के लिए दिया गया योगदान अविस्मरणीय है। बीजू पटनायक खेल पुरस्कार पहले की तरह ही रहेगा।



टीएमसी की शहीद दिवस रैली में पहुंचे अखिलेश यादव

# लंबे समय तक नहीं टिकेगी राजग सरकार, जल्द गिर जाएगी: ममता

**एजेंसी** | कोलकाता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को कहा कि केंद्र की भाजपा नीत सरकार लंबे समय तक नहीं टिकेगी क्योंकि यह डरा-धमका कर बनाई गई है। उन्होंने कहा, यह स्थिर सरकार नहीं है और जल्द ही गिर जाएगी। बनर्जी यहां तृणमूल कांग्रेस की 'शहीद दिवस' रैली को संबोधित कर रही थी। इस कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव भी मौजूद थे। अखिलेश ने भी रैली में कहा कि जो लोग सत्ता में आए हैं, वे बस कुछ दिनों के मेहमान हैं। ममता बनर्जी ने उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव में सपा के अच्छे प्रदर्शन के लिए अखिलेश यादव की सराहना भी की। ममता ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस एकमात्र ऐसी पार्टी है जिसकी 38 फीसदी महिलाएं सांसद हैं। चुनाव से पहले भाजपा ने महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण देने का दावा किया था, लेकिन ऐसा नहीं कर सके। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव मेरे निमंत्रण पर कार्यक्रम में शामिल होने आए, मैं उनका धन्यवाद देती हूं।



### ममता ने अखिलेश यादव को सराहा

ममता ने अखिलेश यादव की तारीफ करते हुए कहा, आपने उत्तर प्रदेश में जो 'खेल' खेला उससे भाजपा सरकार को इस्तीफा दे देना चाहिए था लेकिन बेशर्म सरकार एजेंसियों और अन्य साधनों का दुरुपयोग करके सत्ता में बनी हुई है। उन्होंने कहा, आप एजेंसियों का दुरुपयोग करके हमें दबा नहीं सकते। मुख्यमंत्री ने राज्य में भीड़ के हमलों की हाल की घटनाओं का जिक्र करते कहा, लोगों के साथ अन्याय न करें और न ही इसे बर्दाश्त करें, दोषी पाए जाने पर हम तृणमूल कांग्रेस के सदस्यों को भी नहीं बख्शेंगे।

### बांग्लादेश के संकट में फंसे लोगों के लिए दरवाजे खुले: ममता

ममता ने बांग्लादेश में जारी हिंसा को लेकर कहा कि वह पड़ोसी देश में संकट में फंसे लोगों के लिए अपने राज्य के दरवाजे खुले रखेंगी और उन्हें शरण देंगी। बनर्जी ने संभावित मानवीय संकट पर अपने रुख को न्यायोचित ठहराने के लिए शरणार्थियों पर संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव का हवाला दिया। उन्होंने कहा, मुझे बांग्लादेश के मामलों पर नहीं बोलना चाहिए क्योंकि वह एक संप्रभु राष्ट्र है और इस मुद्दे पर जो कुछ भी कहा जाना चाहिए वह केंद्र का विषय है। लेकिन मैं आपको यह बता सकती हूं कि यदि संकट में फंसे लोग बंगाल के दरवाजे खटखटाएंगे तो हम उन्हें शरण जरूर देंगे।

### सांप्रदायिक ताकतों की आखिर हार होगी: अखिलेश यादव

अखिलेश यादव ने कहा कि राजग सरकार लंबे समय तक नहीं टिकेगी क्योंकि सांप्रदायिक ताकतों को भले ही कुछ समय के लिए सफलता मिल सकती है, लेकिन आखिरकार उनकी हार होगी। उन्होंने भाजपा या राजग का नाम लिए बिना कहा, केंद्र में यह सरकार ज्यादा दिन नहीं टिकेगी और जल्द ही गिर जाएगी। ऐसी सांप्रदायिक ताकतें किसी भी कीमत पर सत्ता में बने रहना चाहती हैं, लेकिन उनके मंसूबे कामयाब नहीं होंगे। इससे पहले अखिलेश यादव ने ममता बनर्जी से दक्षिण कोलकाता के कालीघाट स्थित उनके आवास पर मुलाकात की थी। टीएमसी सूत्रों के मुताबिक, दोनों नेताओं ने देश के मौजूदा राजनीतिक हालात पर चर्चा की।

### बंगाल को बदनाम कर रही भाजपा : अभिषेक

रैली में टीएमसी के महासचिव अभिषेक बनर्जी ने कहा कि भाजपा ने बंगाल के सभी फंड रोक दिए हैं। भाजपा बंगाल को बदनाम कर रही है। लोकसभा चुनाव में भाजपा ने फर्जी कहानी बनाकर संदेशखली को हथियार बनाकर बंगाल को बदनाम करने की साजिश की। भाजपा ने अबकी बार 400 पार का नारा दिया, लेकिन 240 पर रुक गए। टीएमसी के खिलाफ ईडी और सीबीआई का इस्तेमाल किया मगर जीत नहीं मिली।

## जरूरी खबर

### केदारनाथ मार्ग पर पहाड़ी से गिरा मलबा, 3 की मौत

**देहरादून/मुंबई।** देश में पहाड़ से लेकर मैदानी राज्यों तक भारी बारिश का सिलसिला जारी है। उत्तराखंड में रविवार सुबह गौरीकुंड-केदारनाथ पैदल मार्ग पर बड़ा हादसा हो गया। यहां चीड़वासा में अचानक पहाड़ी से मलबा गिरने लगा। इसकी चपेट में आकर तीन श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि छह घायल हो गए। आशंका जताई जा रही है कि मलबे में अभी कई और तीर्थयात्री दबे हो सकते हैं। कई एजेंसियां बचाव अभियान चला रही हैं।

**मुंबई में भारी बारिश, 36 उड़ाने रद्द:** दूसरी ओर मुंबई और उसके आसपास के इलाकों में रविवार को भारी बारिश हुई। इससे विमानों की उड़ान बाधित हुई और शहर के कई हिस्सों में सड़कें जलमग्न हो गईं। खराब मौसम और कम दृश्यता के कारण छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उड़ान परिचालन 2 बार संक्षिप्त अवधि के लिए रोका गया।

### हाई कोर्ट से माफी, शादी की शर्त पर रद्द हुआ केस

**बेंगलुरु।** नाबालिग लड़की का यौन उत्पीड़न करने और उसे गर्भवती करने वाले आरोपी के खिलाफ कर्नाटक हाई कोर्ट ने इस शर्त पर आपराधिक कार्यवाही रद्द कर दी क्योंकि वह पीड़िता से शादी करना चाहता है। हालंकि सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने कहा कि अगर वह लड़की और बच्चे को छोड़ता है तो उसके खिलाफ पॉक्सो ऐक्ट में फिर मामला शुरू किया जाएगा। अदालत ने दोनों की शादी और उनके विवाह प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने के बाद 23 वर्षीय व्यक्ति के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही को रद्द कर दिया। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने मैसूर के एक शख्स के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही को रद्द कर दिया है। उस पर एक लड़की का यौन उत्पीड़न करने और उसे गर्भवती करने का आरोप है। लड़की अब 18 साल की है लेकिन, यौन उत्पीड़न के वक्त नाबालिग थी।

### नूह ब्रजमंडल यात्रा...इंटरनेट सेवाएं सस्पेंड

**नूह(हरियाणा)।** हरियाणा के नूंह में हर साल की तरह सावन के पहले सोमवार को ब्रजमंडल जलाभिषेक यात्रा निकलेगी। इसको लेकर प्रशासन पूरी तरह सख्त नजर आ रहा है। नूंह में चप्पे-चप्पे पर पुलिस की तैनाती है। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन ने नूंह में अगले 24 घंटे के लिए इंटरनेट और मोबाइल सेवाएं बाधित कर दी है। 21 जुलाई शाम 6 बजे से लेकर 22 जुलाई शाम 6 बजे तक यहां इंटरनेट सेवाएं बाधित रहेगी। पिछले साल की यात्रा दौरान हिंसा भड़कने से 7 लोगों की जान चली गई थी, इसके अलावा दर्जनों लोग घायल हो गए थे।

## विरासत का अवलोकन



*नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को नई दिल्ली में भारत मंडपम में आयोजित विश्व विरासत समिति के 46वें सत्र का उद्घाटन किया। इस अवसर पर पीएम मोदी रिटर्न ऑफ ट्रिजर्स प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए।*

### सेना में एक लाख अग्निवीर भर्ती, 70 हजार तैनात



**नई दिल्ली।** भारतीय सेना के लेफ्टिनेंट जनरल सी.बी. पोनप्पा ने रविवार को कहा कि अब तक एक लाख अग्निवीरों को भर्ती किया गया है। उनमें से लगभग 70,000 को यूनिटों में तैनात कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024-25 के लिए लगभग 50,000 रिक्तियां निकाली गई हैं और भर्ती प्रक्रिया जारी है। जून 2022 से योजना की शुरुआत हुई थी। दिसंबर 2022-जनवरी 2023 में पहला बैच शामिल किया गया था। सेना में लगभग एक लाख अग्निवीरों की भर्ती हो चुकी है। इनमें 200 महिलाएं भी शामिल हैं। इनमें से 70,000 को यूनिट में भेज दिया गया है, जिसमें 100 महिलाएं हैं। उन्होंने बताया कि बटालियनों में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। वे पूरी तरह से एकीकृत हैं और यूनिटों में समाहित हैं। वे एक जैसी वर्दी पहनते हैं और एक जैसा कर्तव्य निभाते हैं।

### पीएम मोदी ने किया विश्व धरोहर समिति के 46वें सत्र का उद्घाटन

# विश्व विरासतों के संरक्षण के लिए 10 लाख डॉलर देगा भारत

एजेंसी | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि कहा कि भारत की विरासत केवल एक इतिहास नहीं है, एक विज्ञान भी है। उन्होंने भारत यूनेस्को वल्ड हैरिटेज सेंटर के लिए 10 लाख डॉलर का अनुदान देने की घोषणा भी की। इसे वर्ल्ड हैरिटेज साइटों के संरक्षण, कैपेसिटी बिल्डिंग और तकनीक सहायात पर में खर्च किया जाएगा। विशेष रूप से ये पैसा ग्लोबल साउथ के देशों के काम आएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को विश्व धरोहर समिति के 46वें सत्र का उद्घाटन करते हुए यह घोषणा की। भारत में पहली बार विश्व धरोहर समिति की बैठक का आयोजन किया गया है। भारत मंडपम में यह सत्र 21 जुलाई से



31 जुलाई तक चलेगा। इसमें 150 से अधिक देशों के 2000 से अधिक अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि विश्व में विरासतों के अलग-अलग केंद्र होते हैं, लेकिन भारत इतना प्राचीन है कि यहां वर्तमान का हर बिंदु किसी न किसी गौरवशाली अतीत की गाथा कहता है। उन्होंने कहा कि विरासत केवल इतिहास नहीं, बल्कि मानवता की साझी चेतना है। हम दुनिया में कहीं भी किसी भी विरासत को देखते हैं तो हमारा मन वर्तमान में जियो-पॉलिटिकल फैक्टर से ऊपर उठ जाता है।

#### हजारों वर्ष की विरासत का केंद्र है दिल्ली

पीएम ने कहा कि दिल्ली का उदाहरण लें तो दुनिया दिल्ली को भारत की राजधानी के रूप में जानती है, जबकि यह शहर हजारों वर्ष की पुरानी विरासतों का केंद्र भी रहा है। यहां कदम-कदम पर ऐतिहासिक विरासतों के दर्शन होंगे। प्रधानमंत्री ने हजारों वर्ष पहले हुए निर्माण में वैज्ञानिक सोच और जानकारी का उल्लेख करते हुए कहा कि यहां से करीब 15 किलोमीटर दूर ही कई टन का लौह स्तंभ है जो दो हजार वर्षों से खुले में खड़ा है, इसमें आज तक जंग नहीं लगी। इससे पता चलता है कि उस समय भी भारत का धातु ज्ञान कितना उन्नत था।

#### केदारनाथ मंदिर का दिया उदाहरण

भारतीय निर्माण और इंजीनिय`रग का उदाहरण देते हुए पीएम ने कहा कि दिल्ली से कुछ सौ किलोमीटर की दूरी पर 3,500 मीटर की ऊंचाई पर केदारनाथ मंदिर है, जो आठवीं शताब्दी में बना था। यहां किसी तरह का निर्माण चुनौतीपूर्ण है, लेकिन इसके निर्माण में कठोर वातावरण और ग्लेशियर का पूरा ध्यान रखा गया। यही नहीं इसके निर्माण में कहीं भी मोर्टर का इस्तेमाल नहीं हुआ है, लेकिन यह मंदिर आज भी अटल है।

### पेरिस ओलंपिक 2024

## BCCI खिलाड़ियों को देगा 8.5 करोड़ रुपए

एजेंसी | मुंबई

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ( बीसीसीआई ) ने पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले एथलीट्स को आर्थिक मदद देने का ऐलान किया है। बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने भारतीय ओलंपिक संघको 8.5 रुपए देने का ऐलान किया है। उन्होंने रविवार शाम सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में इस बात की घोषणा



की। ज्ञात रहे कि पेरिस ओलंपिक की शुरुआत 26 जुलाई से होगी और यह 11 अगस्त तक चलेगा। भारत ने इस बार 117 एथलीट्स का दल ओलंपिक खेलों में भाग लेने के लिए भेजा है।

#### खेल गांव पहुंची भारतीय हॉकी टीम, पहली भिड़ंत 27 जुलाई को

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम शनिवार शाम ओलंपिक खेल-2024 से पहले पेरिस पहुंच गई। हॉकी इंडिया और केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर इस खबर को साझा की। खेल मंत्री ने वीडियो भी शेयर किया है। भारतीय पुरुष हॉकी टीम 1980 के बाद पुरुष हॉकी का पहला स्वर्ण पदक जीतने उतरी है। मंडाविया ने फैंस से टीम इंडिया का हौसला बढ़ाने की अपील की। टोक्यो ओलंपिक 2020 में कांस्य पदक जीतने के बाद भारतीय टीम की नजर अपने पदक का रंग बदलकर स्वर्ण पर टिकी होगी। भारतीय हॉकी टीम अपने पेरिस 2024 ओलंपिक अभियान की शुरुआत 27 जुलाई को करेगी। पूल-बी में उसका पहला मैच न्यूजीलैंड से है।

### सड़क निर्माण का कर रही थी विरोध

## 2 महिलाओं को जिंदा गाड़ने की कोशिश

एजेंसी | रीवा

मध्य प्रदेश के रीवा जिले में सड़क निर्माण का विरोध कर रहीं दो महिलाओं को दबंगों ने जिंदा गाड़ने की कोशिश की। आरोपियों ने महिलाओं के ऊपर एक ट्रक मुरम उड़ेल दी। जिससे वह गले तक मुरम से दब गईं। सांस अटकने लगी तो आसपास मौजूद लोगों ने फावड़े से खोदकर दोनों महिलाओं को बाहर निकाला। दोनों महिलाएं फिलहाल अस्पताल में भर्ती हैं। इस घटना का वीडियो शेयर कर कांग्रेस ने मोहन यादव सरकार को घेरा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आरोपियों के खिलाफ त्वरित कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए



हैं। मनगवां थाना क्षेत्र के गंगेव में ममता पाण्डेय पति जिवेश कुमार और आशा पाण्डेय पति शिवेश कुमार की निजी आराजी है। जिस पर गांव के कुछ लोग सड़क बना रहे थे। शनिवार को सड़क निर्माण का काम चल रहा था, महिलाओं ने विरोध किया, लेकिन आरोपी नहीं माने। जिसके बाद महिलाएं निर्माणाधीन सड़क के बीच में आकर बैठ गईं। दबंगों ने पहले समझाने की कोशिश की, वह नहीं हटीं तो मुरुम से भरा ट्रक उनके ऊपर खाली कर दिया।

#### कांग्रेस ने सरकार को घेरा

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने इस घटना को लेकर सोशल मीडिया मंच X पर वीडियो पोस्ट करते कहा कि अत्याचार के ऐसे किस्से तो सिर्फ कहानियों में ही सुने थे। भाजपा के राज में तो देख भी लिए! रीवा हिनोता गांव में माफियाओं ने महिलाओं को जिंदा दफनाने की कोशिश की।

### अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने स्वीकारा

## रूस के साथ ऐतिहासिक रिश्ते नहीं तोड़ेगा भारत

एजेंसी | वाशिंगटन/ नई दिल्ली

अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) जेक सुलिवन ने कहा कि भारत का रूस के साथ ऐतिहासिक संबंध हैं और वह इसे इतनी जल्दी तोड़ने वाले नहीं हैं। लेकिन मैं यह भी कह सकता हूं कि रूस चीन के करीब होता जा रहा है। रूस भविष्य में किसी भी संकट में भारत के लिए एक महान और विश्वसनीय मित्र नहीं साबित होने वाला है। सुलिवन कोलाराडो में एस्पेन सिक्योरिटी फोरम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उनसे राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी




की हालिया मुलाकात के बारे में सवाल किया गया था। उन्होंने कहा कि इस बात का कोई ठोस सबूत नहीं है कि भारत रूस के साथ अपने सैन्य और प्रौद्योगिकी संबंधों को गहरा कर रहा है।

#### पन्नू की हत्या की साजिश पर हमारा रुख स्पष्ट

सुलिवन ने कहा कि अमेरिका में एक सिख अलगाववादी की हत्या की साजिश के आरोपों के बारे में भारत के साथ बातचीत सम्मानजनक और प्रभावी रही है। हमने स्पष्ट कर दिया है कि हम इस पर क्या रुख रखते हैं। उन्होंने कहा, भारत ने आरोपों से इनकार किया है, लेकिन इसकी जांच के लिए एक आंतरिक जांच दल का गठन किया गया है।

#### पुतिन को गले लगाते नहीं देखना चाहता अमेरिका

उन्होंने आगे कहा, बाइडन प्रशासन कभी भी ऐसे देशों को मास्को में आकर पुतिन को गले लगाते नहीं देखना चाहता, जिनकी अमेरिका परवाह करता है, जो उसके साझेदार और मित्र हैं। लेकिन भारत के साथ हमारे संबंधों के मामले में आप जानते हैं कि हम प्रौद्योगिकी, अर्थशास्त्र और व्यापक हिंद-प्रशांत क्षेत्र शासन कला और भू-राजनीति में अपार अवसर देखते हैं। हम इस संबंध को दो संप्रभु देशों के रूप में गहरा करना चाहते हैं।

### IT कंपनियों ने सरकार से की कानून में संशोधन की मांग, कहा...

# 14 घंटे हो काम यानी 12 घंटे ड्यूटी... 2 घंटे ओवरटाइम

एजेंसी | बेंगलुरु

आईटी कंपनियों ने कर्मचारियों के काम के घंटे बढ़ाकर 14 घंटे करने की मांग करते हुए कर्नाटक की सरकार को एक प्रस्ताव सौंपा है। इस कदम का कर्मचारियों ने कड़ा विरोध किया है। उन्होंने स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों और छंटनी की चिंताओं का हवाला देते हुए इसे अमानवीय बताया है।

सूत्रों के हवाले से एक मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि कर्नाटक सरकार कर्नाटक दुकान और वाणिज्यिक प्रतिष्ठान अधिनियम, 1961 में संशोधन करने पर विचार कर रही है। आईटी कंपनियां चाहती हैं कि उनके प्रस्ताव को संशोधन में



फाइल फोटो

शामिल किया जाए। अगर आईटी कंपनियों की बात सरकार मान लेती है तो कानूनी तौर पर काम के घंटे 14 घंटे (12 घंटे + 2 घंटे ओवरटाइम) हो जाएंगे। वर्तमान में श्रम कानून 12 घंटे (10 घंटे + 2 घंटे ओवरटाइम) तक काम करने की अनुमति देते हैं। आईटी क्षेत्र के नए प्रस्ताव में कहा गया है कि आईटी/आईटीईएस/बीपीओ क्षेत्र के कर्मचारियों को हर दिन 12 घंटे से अधिक और लगातार तीन महीनों में 125 घंटे से अधिक काम करने की आवश्यकता हो सकती है या अनुमति दी जा सकती है। सूत्रों ने बताया कि सरकार ने इस मामले पर एक प्रारंभिक बैठक की है और जल्द ही आगे के निर्णय लिए जाएंगे। प्रस्ताव पर मंत्रिमंडल द्वारा चर्चा किए जाने की संभावना है।

#### ...तो एक तिहाई कर्मचारी हो जाएंगे बेरोजगार

कर्नाटक राज्य आईटी/आईटीईएस कर्मचारी संघ (केआईटीयू) की ओर से आईटी कंपनियों के इस प्रस्ताव का कड़ा विरोध किया गया है। संघ ने एक बयान जारी कर चेतावनी दी है कि काम की शिफ्टों की संख्या कम होने से एक तिहाई कर्मचारी बेरोजगार हो जाएंगे। इस संशोधन से कंपनियों को मौजूदा तीन शिफ्ट प्रणाली के बजाय दो शिफ्ट प्रणाली अपनाने की अनुमति मिलेगी। एक तिहाई कर्मचारी बेरोजगार हो जाएंगे।

#### कर्मचारियों के साथ स्वास्थ्य समस्याएं

कर्मचारी संघ ने कहा, केसीसीआई की रिपोर्ट के अनुसार, आईटी क्षेत्र में 45 प्रतिशत कर्मचारी अवसाद जैसे मानसिक स्वास्थ्य मुद्दों का सामना कर रहे हैं। 55 प्रतिशत शारीरिक स्वास्थ्य प्रभावों का सामना कर रहे हैं। काम के घंटे बढ़ाने से यह स्थिति और भी गंभीर हो जाएगी। कर्मचारी संघ ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार कर्मचारियों को इंसान नहीं बल्कि महज मशीन मानती है और सिद्धारमैया सरकार से इस पर पुनर्विचार करने और आईटी कंपनियों द्वारा रखी गई मांग को लागू न करने का आग्रह किया।

### दिल्ली कूच की तैयारी

## 6 महीने का राशन लेकर शंभू बॉर्डर पहुंच रहे किसान

एजेंसी | पटियाला

शंभू बॉर्डर पर पांच महीने से डटे किसानों ने फिर से दिल्ली कूच की तैयारी शुरू कर दी है। यहां किसानों का जमावड़ा बढ़ने लगा है। अब किसान यहां छह माह का राशन लेकर पहुंच रहे हैं। किसानों ने यह तैयारी पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट की ओर से हरियाणा सरकार को सीमा खोलने का आदेश देने के बाद शुरू की है। हालांकि, हाई कोर्ट की ओर से हरियाणा सरकार को दी गई समय सीमा 17 जुलाई को खत्म हो गई है। हरियाणा सरकार की ओर से हाई कोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने के कारण अभी शंभू बॉर्डर नहीं खुल पाया है। सुप्रीम कोर्ट में इस मामले की सुनवाई सोमवार को है और किसानों को उम्मीद है कि सुप्रीम कोर्ट भी हाई कोर्ट के आदेश को लागू करने के लिए कह सकती है।

#### एक और आंदोलनरत किसान की मौत

शंभू बॉर्डर पर चल किसान आंदोलन में रविवार को एक और किसान की मौत हो गई। किसान की मौत हार्ट अटैक बताया जा रहा है लेकिन अभी पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आना बाकी है। मृतक की पहचान तरनतारन जिला के गांव खासपुर निवासी 65 वर्षीय हरजिंदर सिंह के रूप में हुई है।

### अनन्य सोच लेडीज क्लब ने आयोजित किया 'सहेलियों री तीज' कार्यक्रम

# रंग-बिरंगे लहरिए में महिलाओं ने रैंप पर वॉक-डांस कर बिखेरे खुशियों के रंग

**बेधड़क.जयपुर।** अनन्य सोच लेडीज क्लब की ओर से अजमेर रोड स्थित वी वन प्राइड में सहेलियों री तीज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न गतिविधियों में करीब 150 महिलाओं ने रैंप वॉक, डांस, हाउजी गेम्स में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि एसोचैम आर एस डी सी वुमेन विंग की वाइस प्रेसिडेंट मोना शर्मा, मिसेज राजस्थान-2023 रनरअप वर्षा पिपरिया, मिसेज एशिया क्लासिक वर्ल्ड मीनू दहिया, क्लब फाउंडर अर्चना बैराठी व क्लब प्रेसिडेंट नेहा अग्रवाल, सेलेब्रिटी गेस्ट अर्विक बैराठी और ब्यूटी एक्सपर्ट मीनाक्षी सोलंकी ने की।







#### तीन ग्रुप में हुई रैंप

क्लब फाउंडर अर्चना बैराठी व क्लब प्रेसिडेंट नेहा अग्रवाल ने बताया, कि कार्यक्रम में तीन ग्रुप में रैंप वॉक हुई। वॉक के माध्यम से जूरी मैंबर वर्षा पिपरिया, मीनू दहिया और सेलेब्रिटी एंकर आदित्य शर्मा ने मिसेज लहरिया क्वीन, मिसेज तीज क्वीन, बेस्ट रैंप वॉक, बेस्ट ड्रेस, फोटोजेनिक फेस जैसे टाइटल बेस्ट महिला प्रतिभागियों को दिए। इस दौरान हाउजी, सिंगिंग, डांसिंग और अन्य विधाओं की विजेताओं को सम्मानित किया गया।

#### सजाई महफिल

कई महिला प्रतिभागियों ने डांस के साथ रैंप वॉक कर उपस्थित लोगों की वाह वाही बटोरी। कई महिलाओं ने रंग बिरंगे छाता लेकर वॉक कर जजों को इंप्रेस करने की कोशिश की। कार्यक्रम में देशराज, विपिन, आंचल पूरी सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे। इस दौरान टाइटल्स से नवाजे गए प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

### 75 रक्त वीरों ने किया ब्लड डोनेट



**बेधड़क. जयपुर।** मदरामपुरा सांगानेर में बालाजी हॉस्पिटल के तत्वाधान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 75 रक्त वीरों ने रक्तदान किया और बालाजी हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. प्रवीण कुमार मेघवंशी ने रक्तदान करके रक्त वीरों को प्रोत्साहित किया। रक्त वीरों को उपहार स्वरूप पानी का केम्पर एवं स्मृति चिह्न भेंट में दिए गए। एके फास्ट फूड द्वारा ट्रॉफी वितरित की गई। मुख्य अतिथियों में रतन लाल इनाणियां, डॉ. विनोद सक्सेना, डॉ. आशुतोष सिन्हा, सीताराम जी ढाणी, हरजीराम मीणा, ज्ञानचंद जग्रवाल उपस्थित रहे। इस शिविर में कमल सिंह शेखावत, शंकर लाल मीणा, अजय, जीतराम, फूलचंद, अशोक, राकेश, विजय, हीना बानो, कृष्ण कौशिक, संजय बुनकर, अरविंद, विनोद, दिलकुश, लोकेश, यशपाल, राजू, सुशील, दुर्गालाल, राजेंद्र, अविनाश सोनी का विशेष योगदान रहा।

### फिटनेस कैंप में हिस्सा लिया



**बेधड़क. जयपुर।** फिटनेस को बढ़ावा देने और जीवनशैली को स्वस्थ बनाने के लिए 'त्रिमूर्ति मानसून रन' का 8वां संस्करण 4 अगस्त को आयोजित होगा। इससे पहले जयपुर रनर्स क्लब ने जवाहर सर्कल जोन में प्री-मानसून रन फिटनेस कैंप का दूसरा इवेंट रविवार को आयोजित किया गया। कैंप में सभी उम्र के प्रतिभागियों ने बूट कैंप, रनिंग ड्रिल्स और अन्य फिटनेस गतिविधियों में हिस्सा लिया। इसके पहले महेश नगर जोन में एक प्री-इवेंट 17 जुलाई को हुआ था। 'त्रिमूर्ति मानसून रन' का आयोजन फ्रेंडशिप डे पर शहर में फिटनेस को बढ़ावा देने के साथ प्राकृतिक संसाधनों के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए होगा। इस दौरान 21, 10 और 5 किलोमीटर की दौड़ में लोग भाग लेंगे। रनर्स दौड़ते हुए रास्ते में पौधों के बीज गिराते हुए आगे बढ़ेंगे ताकि त्रिमूर्ति मानसून रन का ध्येय 'फ्रेंडशिप विद द नेचर' को पूरा किया जा सके।

### 205 पेड़-पौधे लगाकर लाए हरियाली

**बेधड़क. जयपुर।** टीम 10 ट्री एंबुलेंस ने विद्याधर नगर में प्लांटेशन और श्रमदान करते हुए हरियाली लाने के साथ ही सफाई रखने को प्रयास किया। इस मौके पर 205 पेड़-पौधे लगाए गए और 25 से ज्यादा लोगों ने श्रमदान किया। सीमेंट की बैंच और ट्री गार्ड पर ऑयल पेंट किया गया। 12 बड़े टैंकर्स से पानी डाला गया। चौथे ग्रुप ने विद्याधर नगर की विभिन्न गलियों से तीन पिकअप से मलवा उठाया।

## City इवेंट्स

### फिक्की फ्लो मैंबर्स ने दर्शाए राजस्थानी रंग



**बेधड़क. जयपुर।** लेडीज ने गवर्निंग बॉडी मीटिंग को भी अनूठे अंदाज में लिया और राजस्थानी छटा बिखेरी। ये थीं फिक्की फ्लो जयपुर चैप्टर की मेंबर्स, जिन्होंने सामोद बाग में दूसरी गवर्निंग बॉडी मीटिंग 2024-25 का आयोजन किया। इस अवसर पर जॉयश्री दास वर्मा-राष्ट्रीय अध्यक्ष फिक्की लेडीज ऑर्गनाइजेशन (2024-25) और सभी गवर्निंग बॉडी सदस्यों का स्वागत किया गया। इस मौके पर देश के 20 राज्यों के 24 विभिन्न चैप्टरों से सदस्य शामिल हुए।

### संगीत अनुष्ठान और अवॉर्ड समारोह 25 को



**बेधड़क. जयपुर।** संगीत कला निकेतन की ओर से 40 वर्षों से पंडित मनमोहन भट्ट स्मृति संगीत अनुष्ठान तथा अवॉर्ड समारोह 25-26 जुलाई को होटल क्लार्क आमेर में आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर 4 अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकारों को पंडित मनमोहन भट्ट लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड दिया जाएगा। पंडित मनमोहन अवॉर्ड ऑफ एक्सिलेंस बेला वादक दीपक पंडित, सजल कोसर, डॉ. पामिल मोदी, आदेश भट्ट को दिया जाएगा। 25 जुलाई शाम 7 बजे अशोक जामनानी कविता पढ़ेंगे, डॉ. शिवा व्यास सितार वादन, पंडित राजेंद्र प्रसन्ना बांसुरी वादन और विदुषी समीरा कोसर कथक नृत्य प्रस्तुत करेंगे। 26 को सितार वादक विदुषी अमिता बेन, ध्रुवपद गायन पंडित प्रशांत-निशांत मल्लिक, संतूर वादक पंडित तरुण भट्टाचार्य और दीपक पंडित बेला वादन करेंगे।

### समाज सेवा के लिए बिलाला सम्मानित



**बेधड़क. जयपुर।** आचार्य पदारोहण शताब्दी महोत्सव वर्ष के तहत आचार्यश्री शान्तिसागर राष्ट्रीय पुरस्कार समाज सेवा के उपलक्ष्य में जयपुर के पदम जैन बिलाला को गुरु पूर्णिमा पर आचार्य वसुनंदीजी महामुनिराज के सानिध्य में कांच की नगरी फिरोजाबाद में श्रीदिगंबर जैन परिषद तथा वसुनंदी चातुर्मास समिति फिरोजाबाद द्वारा चातुर्मास कलश स्थापना समारोह में सम्मानित किया गया। इसके पूर्व धर्म जागृति संस्थान राजस्थान ने भक्ति के साथ आचार्यश्री को श्रीफल भेंट किया। धर्म जागृति संस्थान राष्ट्रीय प्रचार मंत्री संजय जैन बड़जात्या कामां व महामंत्री सुनील पहाड़िया ने बताया, कि बिलाला वर्तमान में जनकपुरी जैन मंदिर अध्यक्ष, धर्म जागृति संस्थान प्रांतीय अध्यक्ष सहित कई धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं से निस्वार्थ सेवा भाव से जुड़े हैं। सम्मान में तिलक माला दुपट्टा सॉल व प्रशस्ति पत्र व नगद राशि 21000 रुपए दिए गए।

### कुमार और सर्वार्थ सिद्धि योग से होगी शुरुआत

## इस सावन शिवालयों में पांच सोमवार होगी शिव आराधना




**बेधड़क | जयपुर**

इस बार सावन में 5 सोमवार आएंगे। 22 जुलाई से शुरू होकर 19 अगस्त तक चलने वाले इस महीने की शुरुआत भी सोमवार से हो रही है और समापन भी सोमवार से ही होगा। इसे शुभ संयोग माना जा रहा है। इसके साथ ही एक और शुभ संयोग है कि सावन मास का शुभारंभ 'कुमार योग' और 'सर्वार्थ सिद्धि योग' के साथ हो रहा है। सावन मास और सोमवार भगवान शिव को परम प्रिय हैं। सावन मास में ही मां पार्वती ने पति रूप में भगवान शिव को प्राप्त करने के लिए जल में बैठकर तपस्या की थी।

सावन में पांच सोमवार होना अत्यंत शुभ माना जाता है। सावन के महीने में भगवान शिव जलाभिषेक और बिल्व पत्र चढ़ाने से जल्द प्रसन्न होते हैं। विवाहित महिलाओं को अखंड सौभाग्य तथा विवाह योग्य युवक और युवतियों को श्रेष्ठ जीवनसाथी भी प्रदान करते हैं। सावन के महीने की शुरुआत 22 जुलाई से हो रही है। यह सोमवार का दिन है। वही दूसरा सोमवार 29 जुलाई , तीसरा सोमवार 5 अगस्त, चौथा सोमवार 12 अगस्त और फिर सावन महीने का आखिरी सोमवार 19 अगस्त को होगा। इसी के साथ सावन के महीने का समापन होगा।

### 'कैंसर जांच आपके द्वार' अभियान की दी जानकारी

## कैंसर जागरूकता और रोकथाम सेवाओं के लिए मिला सम्मान




**बेधड़क | जयपुर**

भगवान महावीर कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर की वरिष्ठ उपाध्यक्ष व कैंसर केयर की अध्यक्षा अनिला कोठारी को पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने सम्मानित किया। सम्मान उन्हें कैंसर जागरूकता और कैंसर की रोकथाम के क्षेत्र में सेवाओं के लिए दिया गया। महावीर इंटरनेशनल एपेक्स के दिल्ली में आयोजित स्वर्ण जयंती शुभारंभ पर आयोजित राष्ट्रीय समारोह के दौरान यह पुरस्कार दिया गया। समारोह के विशिष्ट अतिथि इंटरनेशनल वैश्य फेडरेशन प्रेसिडेंट व सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के मैंबर डॉ. अशोक अग्रवाल, आईसीएमआर डायरेक्टर जनरल (सेनि) डॉ. बलराम भार्गव और महावीर इंटरनेशनल एपेक्स अंतरराष्ट्रीय वीर अनिल जैन ने कैंसर जागरूकता की दिशा में अनिला कोठारी के कार्यों की सराहना की। कोठारी ने बताया कि पिछले 27 वर्षों में देखा है कि चिकित्सालय आने वाले अधिकतर रोगी एडवांस स्टेज में पहुंचते हैं। ऐसे में उपचार का खर्च दोगुना हो जाता है और कैंसर मुक्त होने की संभावना कम रह जाती है। लोगों में जागरूकता लाने, समय पर रोग की पहचान करने और कम खर्च में रोगी को कैंसर मुक्त करने के लिए मुहिम चलाई गई है।

**नुक्कड़ नाटक** | आमजन में जागरूकता के लिए कला-संस्कृति विभाग का आयोजन

## 'धरोहर ही हमारी पहचान' से संरक्षण और स्वच्छता का संदेश

**बेधड़क | जयपुर**

धरोहर संरक्षण और स्वच्छता के प्रति आमजन में को जागरूकता बढ़ावा देने के लिए कला व संस्कृति विभाग राजस्थान सरकार के सहयोग से नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। एसबीएस संस्था द्वारा युवा रंगकर्मी मनोज कुमार योगी के निर्देशन में आमेर महल के जलेब चौक और अल्बर्ट हॉल म्यूजियम परिसर में नाटक से युवा पीढ़ी को धरोहर संरक्षण और प्रचार प्रसार में भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करते हुए स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया।



#### विश्व धरोहर से कराया परिचय

नाटक में राजस्थान त्याग और समर्पण के साथ वीरों की तपोभूमि है, विश्व प्रसिद्ध धरोहर और संस्कृति हमारे शौर्य की पहचान है आदि से परिचय कराते हुए धरोहर संरक्षण और स्वच्छता प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया गया। नाटक में बताया, कि पर्यटकों के साथ हमारे व्यवहार को बेहतर बनाकर हम अपने प्रदेश में पर्यटकों की संख्या बढ़ाने के लिए सरकार के प्रयासों सफल बनने में सहयोग कर सकते हैं।

#### मोन्यूमेंट्स को सहजने का संकल्प

पर्यटकों की संख्या बढ़ने से हमारे स्थानीय जनता को रोजगार के अवसर मिलेंगे। नाटक में दीन दयाल शर्मा, नरेश शर्मा, अनिल बैरवा, महेंद्र शर्मा, विकास शर्मा, अमित मंडल, साहित, राहुल स्वामी ने अभिनय किया। इस मौके पर वहां आए पर्यटकों ने भी नाटक और कलाकारों को मोटिवेट किया। साथ ही मौके पर ही मोन्यूमेंट्स को सहजने का संकल्प लिया।



संदेह जितने सपनों की हत्या करता है, उतनी तो नाकामियां भी नहीं करती।

**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

### बांग्लादेश के सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षण बढ़ाने का फैसला पलटा

# रिजर्वेशन की सीमा 56 से घटाकर 7% करने का सुप्रीम आदेश

## आंदोलन के दौरान हिंसा में 140 मौतें हो चुकी

**एजेंसी । ढाका**

बांग्लादेश के सुप्रीम कोर्ट ने सरकारी नौकरियों में 56% आरक्षण देने के ढाका हाई कोर्ट के फैसले को पलट दिया है। कोर्ट ने रविवार को आदेश जारी करते हुए आरक्षण को 56% से घटाकर 7% कर दिया। इसमें से स्वतंत्रता सेनानियों के परिवार वालों को 5% आरक्षण मिलेगा, जो पहले 30% था। बाकी 2% में एथनिक माइनॉरिटी, ट्रांसजेंडर और दिव्यांग शामिल होंगे। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 93% नौकरियां मेरिट के आधार पर मिलेंगी। बांग्लादेश की सरकार ने 2018 में अलग-अलग कैटेगरी को मिलने वाला 56% आरक्षण खत्म कर दिया था, लेकिन इस साल 5 जून को वहां के हाईकोर्ट ने सरकार के फैसले को पलटते हुए दोबारा आरक्षण लागू कर दिया था। इसके बाद से ही बांग्लादेश में हिंसा का दौर शुरू हो गया। रिपोर्ट के मुताबिक हिंसा में अब तक 115 लोग मारे जा चुके हैं। हालात बिगड़ने के बाद सरकार ने पूरे देश में कर्फ्यू लगाते हुए प्रदर्शनकारियों को देखते ही गोली मारने के आदेश दिए हैं। हालात संभालने के लिए पुलिस की जगह सेना तैनात की गई है। स्थिति को देखते हुए प्रधानमंत्री शेख हसीना ने स्पेन और ब्राजील का अपना दौरा रद्द कर दिया है। बांग्लादेश में बढ़ते तनाव के बीच अब तक 978 भारतीय स्टूडेंट्स अपने घर लौट आए हैं। ढाका यूनिवर्सिटी को अगले आदेश तक के लिए बंद कर दिया गया है। छात्रों को बुधवार तक हॉस्टल खाली करने को कहा गया है।



### पहले 80 फीसदी कोटा सिस्टम लागू था

बांग्लादेश 1971 में आजाद हुआ था। बांग्लादेशी रिपोर्ट के मुताबिक इसी साल से वहां पर 80 फीसदी कोटा सिस्टम लागू हुआ। इसमें स्वतंत्रता सेनानियों के बच्चों को नौकरी में 30%, पिछड़े जिलों के लिए 40%, महिलाओं के लिए 10% आरक्षण दिया गया। सामान्य छात्रों के लिए सिर्फ 20% सीटें रखी गईं। 1976 में पिछड़े जिलों के लिए आरक्षण को 20% कर दिया गया। इससे सामान्य छात्रों को 40% सीटें हो गईं। 1985 में पिछड़े जिलों का आरक्षण और घटा कर 10% कर दिया गया और अल्पसंख्यकों के लिए 5% कोटा जोड़ा गया। इससे सामान्य छात्रों के लिए 45% सीटें हो गईं। शुरू में स्वतंत्रता सेनानियों के बेटे-बेटियों को ही आरक्षण मिलता था, लेकिन 2009 से इसमें पोते-पोतियों को भी जोड़ दिया गया। 2012 विकलांग छात्रों के लिए भी 1% कोटा जोड़ दिया गया। इससे कुल कोटा 56% हो गया।

### आंदोलन में अब तक 25000+ घायल

अस्पतालों से मिली जानकारी के मुताबिक, इस हफ्ते छात्र प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़पों में अब तक कम से कम 140 लोग मारे गए हैं। 2,500 से ज्यादा घायल हुए हैं। इंडिपेंडेंट टेलीविजन ने सिर्फ शुक्रवार को 17 लोगों की मौत की जानकारी दी। एक टीवी रिपोर्ट में 30 लोगों की मौत का दावा किया गया है।

### 10 बिंदुओं में जानिए कैसे जल उठा बांग्लादेश

- 1971 मुक्ति संग्राम में हिस्सा लेने वाले लोगों के रिश्तेदारों को नौकरियों में आरक्षण का विरोध शुरू हुआ।
- नरसिगडी में प्रदर्शनकारियों ने जेल पर धावा बोलकर 850 से अधिक कैदियों को छुड़ा लिया और जेल में आग लगा दी थी।
- देखते ही देखते प्रदर्शन पूरे बांग्लादेश में फैल गया। पुलिस से हालात काबू नहीं हुए तो सेना बुलाई गई। कर्फ्यू लगाया गया।
- इसके बावजूद हिंसा नहीं थमी। शनिवार को आगजनी और झड़पों की छिटपुट घटनाएं सामने आईं। चार लोगों की मौत हुई।
- कर्फ्यू के दौरान शनिवार दोपहर को जरूरी सामान की खरीदारी के लिए दो घंटे की छूट दी गई थी।
- भारत समेत विभिन्न देशों ने बांग्लादेश में रह रहे अपने नागरिकों को अलर्ट किया और एडवाइजरी जारी की।
- पूरे देश में इंटरनेट बंद कर दिया गया। न्यूज चैनलों का प्रसारण ठप हो गया। वेबसाइट्स भी अपडेट नहीं हुईं।
- वॉट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया हैंडल भी बंद रहे। फोन कॉल्स और SMS भी बंद।
- बांग्लादेश में शुक्रवार को छुट्टी रहती है। सरकार ने रविवार और सोमवार को भी सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है।
- इस बीच, शांति के प्रयास तेज कर दिए गए। सरकार और प्रदर्शनकारियों के प्रतिनिधियों ने शुक्रवार को वार्ता हुई।

### इजराइली हवाई हमलों से थर्राया गाजा... लेबनान में 7 घायल

# 14 फिलिस्तीनियों की मौत

**एजेंसी | गाजा**

इजराइल-हमास के बीच अक्टूबर से युद्ध शुरू होने के बाद से थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। शनिवार को उत्तरी गाजा पट्टी में इजराइली हवाई हमलों में कम से कम 14 फिलिस्तीनी मारे गए।

सुरक्षा और चिकित्सा सूत्रों ने शनिवार को मीडिया को बताया कि इजराइली जेट विमानों ने जबालिया शरणार्थी शिविर में एक घर पर बमबारी की, जिसमें एक पत्रकार, उसकी पत्नी, उसके दो बच्चे और उसकी मां की मौत हो गई। रिपोर्ट के अनुसार सूत्रों ने बताया कि इजराइल के लड़ाकू विमानों ने गाजा शहर के उत्तर में जरका इलाके में एक और घर को निशाना बनाया, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई और अन्य घायल हो गए। सूत्रों के अनुसार उत्तरी गाजा के अल-सफ्तावी इलाके में विमानों ने एक रिहायशी घर पर बमबारी की, जिसमें बच्चों और महिलाओं सहित सात लोगों की मौत हो गई। दक्षिणी लेबनान के विभिन्न क्षेत्रों में इजराइली हवाई हमलों में चार विस्थापित सीरियाई बच्चों सहित सात लोग घायल हो गए।



### शरणार्थी शिविर में गोलाबारी

गाजा पट्टी के दक्षिण में रफाह और खान यूनिस के इलाकों और मध्य गाजा पट्टी में नुसेरात शरणार्थी शिविर में हवाई और तोपखाने की गोलाबारी जारी है। हालांकि, इजराइल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने शनिवार को एक बयान में कहा कि एन्क्लेव में इसकी परिचालन गतिविधि जारी है। आईडीएफ सैनिकों ने राफा क्षेत्र में 'सटीक, खुफिया-आधारित परिचालन गतिविधि' जारी रखी है और मध्य गाजा में अभियान चलाया है, क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के स्थलों पर लक्षित छापे मारे हैं।

### कुल मरने वालों की संख्या 38,919

गाजा स्थित स्वास्थ्य अधिकारियों ने एक बयान में कहा कि पिछले 24 घंटों के दौरान, इजराइली सेना ने 37 फिलिस्तीनियों को मार डाला और 54 अन्य को घायल कर दिया, जिससे अक्टूबर 2023 से मरने वालों की संख्या 38,919 हो गई, जबकि 89,622 घायल हुए। रिपोर्ट के अनुसार लेटेस्ट हमले में इजराइली ड्रोन और युद्धक विमानों ने दक्षिण-पूर्वी गांव हौला में एक घर पर हवाई हमला किया, जिसमें तीन नागरिक घायल हो गए, तीन घर नष्ट हो गए और आठ अन्य क्षतिग्रस्त हो गए।

**तबाही का हथियार**

# टेक्टिकल न्यूक्लियर वेपन से दहशत

**एजेंसी | मॉस्को**

रूस और यूक्रेन के बीच जारी महायुद्ध के बीच टेक्टिकल न्यूक्लियर हथियारों के इस्तेमाल की आशंका ने पूरी दुनिया में खलबली मचा दी है।

आखिर ये टेक्टिकल न्यूक्लियर वेपन हैं क्या, ऐसे हथियार किन-किन देशों के पास हैं और यह परमाणु हथियारों से किस तरह से अलग हैं? ...किसी युद्ध में इनका इस्तेमाल हुआ तो उससे कितनी बड़ी तबाही हो सकती है, क्या इन्हें परमाणु हथियारों के विकल्प के तौर पर इस्तेमाल के लिए तैयार किया गया है, टैक्टिकल न्यूक्लियर वेपन किस तरह से तबाही मचाने की क्षमता रखते हैं, रूस ने यूक्रेन के बॉर्डर पर दर्जनों टैक्टिकल न्यूक्लियर वेपन की तैनाती कर दी है।



### परमाणु हथियारों से भिन्न होते हैं ये वेपन

टैक्टिकल न्यूक्लियर वेपन परमाणु हथियारों से बिलकुल अलग होते हैं। यह परमाणु हथियारों से छोटे भी होते हैं। इन हथियारों को युद्ध के मैदान में उपयोग करने के लिए तैयार किया जाता है। सामरिक परमाणु हथियारों में हवाई बम, कम दूरी की मिसाइलों के लिए हथियार और तोपखाने के हथियार भी शामिल होते हैं। इन्हें सैन्य वाहनों से भी दागा जा सकता है। टैक्टिकल न्यूक्लियर वेपन उन रणनीतिक हथियारों की तुलना में कम शक्तिशाली होते हैं, जो पूरे शहर को नष्ट करने की क्षमता रखते हैं।

### इस्तेमाल की क्यों पड़ी जरूरत

इन हथियारों को परमाणु हथियारों का आंशिक विकल्प कह सकते हैं। क्योंकि यह सिर्फ लक्षित ठिकानों पर ही तबाही मचाते हैं। यह रेडियोधर्मी पदार्थ ज्यादा उत्सर्जित नहीं करते। मगर ये दुश्मन के घर तबाही मचा सकते हैं। रूस ने इन हथियारों की तैनाती का कदम तब उठाया है जब यूक्रेन युद्ध को लेकर मॉस्को के खिलाफ नाटो देशों ने बयानबाजी करने के साथ मदद का दायरा और भी बढ़ा दिया। ऐसे में रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि यह अभ्यास 'रूस के संबंध में कुछ पश्चिमी देशों के अधिकारियों के भड़काऊ बयानों और धमकियों' के जवाब में है।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl